नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 252 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 21 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -7 पर
हाईकोर्ट के आदेश के तहत उद्योगों को बिजली प्रदान ...



कोरोना ने छीना सुहाग तो मिला अनुकम्पा नियुक्ति का सहारा
पेज -8 पर

छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

# बीजेपी के 14 विधायकों ने विधानसभा सचिवालय को भेजा, जेसीसीजे का भी समर्थन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राजनीतिक ड्रामा बढ़ता जा रहा है। भाजपा विधायकों ने राज्य सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भेजा है। विधानसभा सचिवालय को लिखित प्रस्ताव भेजकर इसपर चर्चा की मांग की गई है।



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, आज के हालात को देखते हुए इस सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में सरकार चल रही है, चुनाव से पहले जो वादा किया था, सरकार में आने के बाद वादाखिलाफी किया है। यहां पर हत्या, आत्महत्या, सामूहिक आत्महत्या और अनाचार की घटनाएं बढ़ी हैं। लगातार चोरी और डकैती बढ़ी है। आज तो बसपा के हमारे विधायक केशव चंद्रा जी के घर में भी चोरी हो गई। मतलब जनप्रतिनिधि के घर भी सुरक्षित नहीं है। इतना मनोबल बढ़ा हुआ है। अभी जो संवैधानिक संकट की स्थिति निर्मित हुई है, इन सब बातों को लेकर करके हमने इस सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया है।

### प्रस्ताव पर जनता कांग्रेस का भी साथ

भाजपा विधायकों ने दावा किया है कि अविश्वास प्रस्ताव पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भी उनको समर्थन है। विधानसभा में भाजपा विधायक दल के सचेतक शिवरतन शर्मा ने व्हिप भी जारी किया है। इसका मतलब है कि प्रस्ताव के समर्थन में सभी विधायकों को एकजुट रहना है।

### सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा

छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास 14 विधायक हैं। जनता कांग्रेस भी अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करे तो यह संख्या 17 हो जाएगी। सत्ताधारी दल कांग्रेस के 71 विधायक हैं। ऐसे में पूरा विपक्ष यानी बसपा के दो विधायक भी मिल जाएं तो भी सरकार गिराने लायक जादुई संख्या तक नहीं पहुंच पाएंगे।

## नल-जल योजना पर विपक्ष ने मंत्री को घेरा, मंत्री बोले- समय सीमा में पूरी होगी योजना

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार सुबह 11 बजे से शुरू हो गया। प्रश्न काल में घरेलू नल कनेक्शन योजना में पिछड़ने का मामला उठा। भाजपा विधायक रंजना डीपेंद्र साहू और अजय चंद्राकर ने यह मामला उठाया। बाद में भाजपा विधायकों ने इस मामले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रुद्र कुमार गुरु को घेरा। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, पैसा आते ही बंदरबाट शुरू हो गई। इसकी वजह से मुख्यमंत्री को टेंडर निरस्त करना पड़ा। 2020 में योजना शुरू हुई और सितम्बर 2023 में पूरा कर लिया जाना है। लक्ष्य तय हुआ है 38 लाख से अधिक घरों तक नल पहुंचाने का। जुलाई 2022 तक केवल 6 लाख लोगों को इसका फायदा दिया गया है। एक साल में 32 लाख कनेक्शन कैसे दिया जाएगा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, सरकार राज्यांश का पैसा ही इस योजना के लिए नहीं दे रही है।



## कुम्हारी नगर पालिका सभाकक्ष को देखकर मुख्यमंत्री बोले- मतलब पूरा विधानसभा स्टाइल में बने हे

*नगर पालिका भवन के लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री ने की निर्माण कार्य की तारीफ, कहा ऐसा पालिका भवन छत्तीसगढ़ में पहली बार देखा*

**रायपुर।** कुम्हारी नगर पालिका के नए भवन का लोकार्पण करते वक्त मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जब इसका सभाकक्ष देखा तो इसकी बनावट की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा कि मतलब पूरा विधानसभा स्टाइल में बने हे। बहुत बढ़िया बनवाए हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा पालिका भवन छत्तीसगढ़ में मैंने नहीं देखा है। बहुत अच्छी तरह से बना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पार्षदों से चर्चा भी की। पार्षदों ने मुख्यमंत्री से कहा कि कुम्हारी नगरपालिका के विकास के लिए जिस तरह से मुख्यमंत्री ने घोषणाएं की हैं उससे नगर में अधोसंरचना के क्षेत्र में और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में बहुत बढ़िया काम हो सका है। हम सब इस से बहुत खुश हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूरा भवन देखा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगा कोरोना का संक्रमण

633 नए मरीज मिले, प्रदेश में एक्टिव केस 3303, पॉजिटिविटी दर 4.09

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार को प्रदेश में 633 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3303 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 568 दुर्ग व 566 एक्टिव केस रायपुर जिले में हैं। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक बुधवार को 15 हजार 486 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 633 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 116 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 358 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 15 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.01त्न से बढ़कर 4.09त्न हो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 47 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 60 हजार 554 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले सबसे हॉट जोन बने हुए हैं।

## पति ही निकला पत्नी का हत्यारा,गिरफ्तार

**राजनांदगांव ।** अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम गुंडरदेही में हुए अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला पद्मिनि साहू की हत्या के मामले में उसके पति को ही गिरफ्तार किया है। आरोपी पति ने पत्नी की हत्या कर लाश के कई तुकड़े कर तालाब में फेंक दिया था. साक्ष्य छुपाने के लिए मृतिका के सिर को गांव के श्मशान घाट में जलती चिता में जला दिया था और पुलिस को गुमराह करने थाने में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया था। बता दें कि 18 जुलाई को जगदीश साहू ने ही अंबागढ़ चौकी थाने में सूचना दी कि उसके घर के पास के तालाब में एक महिला का शव तालाब में तैरता मिला है। पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर अज्ञात महिला के शव बरामद किया था जिसका सिर गायब था। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात शव के मामलें में जांच पड़ताल शुरू की थी।

## सीएम ने जनता का खोया विश्वास, प्रदेश भाजपा मंत्री उषा ने मांगा इस्तीफा

दुर्ग। प्रदेश भाजपा मंत्री उषा टावरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस्तीफा मांगा है। इसकी वजह उन्होंने राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव के अपने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री पद से इस्तीफा देने को बताया हैं। श्रीमती टावरी ने आरोप लगाया है कि कैबिनेट मंत्री सिंहदेव के अपने मंत्री पद के एक विभाग से इस्तीफा देने से प्रदेश में संवैधानिक संकट आ गया हैं।



सीएम भूपेश बघेल अपने कैबिनेट के साथ-साथ जनता का भी विश्वास खो चुके हैं। कांग्रेसनीत छत्तीसगढ़ सरकार ने चुनाव पूर्व बड़े-बड़े वादे किए थे। साढ़े तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन जनता से किए गए वादो पर सीएम का ध्यान नहीं हैं। टीएस सिंहदेव ने खुद अपने इस्तीफा पत्र में पीएम आवास निर्माण और मनरेंगा के कार्यों को लेकर राज्य सरकार को घेरा हैं। जो जनता के साथ राज्य सरकार द्वारा छल व विश्वासघात किए जाने का बड़ा प्रमाण हैं। यह बातें प्रदेश भाजपा मंत्री उषा टावरी ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा में कहीं। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री नटवर ताम्रकार, उपाध्यक्ष संतोष सोनी, मंत्री दिनेश देवांगन, मनोज मिश्रा भी मौजूद थे।

मंत्री टीएस सिंहदेव के इस्तीफे पर विधानसभा में हंगामा

# विपक्ष ने कहा- संवैधानिक संकट, कार्यवाही स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मॉनसून सत्र पहले दिन विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। शून्यकाल में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से इस्तीफे का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मुद्दा उठाया। इसे व्यवस्था का प्रश्न बताकर भूपेश बघेल सरकार से जवाब मांगा गया। विधायक ने कहा कि प्रदेश में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गई है। मंत्री ने पत्र लिखकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को पहले 10 मिनट के लिए और बाद में गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया।



मॉनसून सत्र शुरू होते स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के पंचायत विभाग से इस्तीफे के मुद्दे पर हंगामा हो गया। मंत्री टीएस सिंहदेव के इस्तीफे के मसले पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू किया। भाजपा के अजय चंद्राकर सहित दूसरे विधायकों ने सवाल उठाए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व मंत्रियों का सामूहिक उत्तरादायित्व के तहत जवाब आना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि एक मंत्री का मुख्यमंत्री को पत्र लिखना संवैधानिक संकट और व्यवस्था का प्रश्न नहीं होता।

## आरक्षक ने पत्नि को भरण पोषण के लिये 8 हजार रूपये तथा अन्य प्रकरण में 12 हजार प्रतिमाह देना स्वीकार किया

सेना में सिपाही द्वारा पत्नि से मारपीट प्रकरण का सिपाही के आने पर होगा निराकरण

रायपुर। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज शास्त्री चैक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की।




आज एक प्रकरण की सुनवाई में आवेदिका तीन बहने है। उनके पिता के मृत्यु के बाद उनकी माता ने बच्चों के चाचा के साथ विवाह किया है। सौतेला पिता अब अपनी बेटियों की जमीन हड़पने की नियत से उनको परेशान कर रहा है। आवेदिकागणों ने बताया कि उनके साढ़े तीन एकड़ भूमि को गांव के लोगो को रेगहा नही लेने हेतु डरा-धमका रहा है। इससे आवेदिका की एक साल की आमदनी नही होने से उसके जीवन यापन पर असर पड़ेगा। इस पर अनावेदक का कहना है कि मैंने खेत को बोने के लिए कोई रोक टोक नही किया है। इस स्तर पर आयोग के अध्यक्ष डॉ नायक ने कर प्रशिक्षु वकील एवं आयोग की कांउसलर के साथ कल ग्राम पंचायत जौन्दा में आवेदिकागणों के साथ जाकर स्थल का जायजा लेगे। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में कोतवाल द्वारा मुनादी कर समस्त ग्रामवासी को आहूत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आवेदिका ने यह भी बताया कि गांव के कोतवाल हमारे जमीन के कागजात लाने के लिए धमकाता है।

## समय पर खाना नहीं दिया तो पत्नी को मार डाला, सेप्टिक टैंक में छिपाया शव और खुद थाने जाकर दर्ज कराई गुमशुदगी

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला। समय पर खाना नहीं देने से गुस्साए पति ने पहले अपनी बीवी की हत्या की फिर उसके शव को सेप्टिक टैंक में छिपा दिया।



अपराध को छिपाने आरोपी ने षड़यंत्र रचा और खुद ही पत्नी की गुमशुदगी थाने जाकर दर्ज करा दी। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस भी आरोपी की करतूत को लेकर हैरान है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बालको थाना क्षेत्र के रुमगढ़ा बस्ती में रवि राजपूत (41 वर्ष) अपनी पत्नी बुधवारा बाई (38 वर्ष) के साथ रहता था। सोमवार दोपहर रवि कहीं से घर आया। उसने अपनी पत्नी से खाना मांगा। उसकी पत्नी ने खाना देने में लेट कर दिया। इससे रवि नाराज हो गया और उससे झगड़ा करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि रवि अपने पत्नी बुधवारा बाई की डंडे से पिटाई करने लगा। बेदम पिटाई से बुधवारा बाई की मौत हो गई।

### महिला के भाई ने जताई हत्या की आशंका

*जेल जाने से बचने आरोपी ने अपनी पत्नी के शव को घर के पीछे बने सेप्टिक टैंक में छिपा दिया। मंगलवार को आरोपी खुद ही थाने पहुंच गया और उसने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी बीच बुधवारा बाई का भाई भी आरोपी के घर पहुंचा। उसने अपनी बहन के बारे में जानकारी चाही। उसके जीजा ने गोलमोल जवाब दिया। उसने अपने जीजा पर ही अपनी बहन की हत्या करने का शक जाहिर किया।*

दुर्घटना... शिवनाथ नदी में 65 घंटे बाद खत्म हुआ रेस्क्यू अभियान

# कार में फंसे हालत में मृत मिला चालक

**दुर्ग।** दुर्ग-राजनांदगांव मार्ग पर स्थित शिवनाथ नदी के पुराने पुल से रविवार की रात उफनती शिवनाथ नदी में कार समेत गिरे चालक को करीब 65 घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद बचाव दल ने बुधवार की दोपहर ढुंढ निकाला। चालक कार में शिवनाथ नदी के पुराने पुल से तीन सौ मीटर की दुरी और 30 फीट गहराई में मृत मिला। मृतक की निशांत भंसाली (जैन) 32 वर्ष पिता मनोहरमल भंसाली अरिहंत हाईट्स पचपेड़ी नाका रायपुर निवासी के रुप में शिनाख्त की गई है। रविवार की रात वह डौंडीलोहारा से राजनांदगांव मार्ग होते हुए रायपुर लौट रहा था। इस बीच निशांत भंसाली शिवनाथ नदी के पुराने पुल से रहस्यात्मक ढंग से कार समेत शिवनाथ नदी में गिर कर मौत का शिकार हो गया।



मृतक निशांत भंसाली की टिकरापारा पुलिस थाना रायपुर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। निशांत के मोबाईल फोन का अंतिम लोकेशन शिवनाथ

नदी के पुराने पुल के आसपास मिला था। फलस्वरुप शिवनाथ नदी में कार समेत चालक के गिरने के बाद रेस्क्यू अभियान पर निशांत के परिजनों ने भी नजरें रखी हुई थी। परिजन बुधवार को शिवनाथ नदी के पुराने पुल पहुंचे थे और निशांत के बड़े भाई राजा भंसाली ने शव की निशांत के रुप में पहचान की।निशांत की मौत हादसा है या खुदकुशी,फिरहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है,लेकिन घटना की वस्तुस्थिति से पुलिस मामले को खुदकुशी का होने की आशंका जता रही है। पिछले 65 घंटो में शव बुरी तरह फूल गया है,वहीं कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। यह कार मारूति कंपनी की स्विफ्ट कार है। जिसका नंबर सीजी 04/एल डब्ल्यू 1177 है। चालक व कार को उफनती शिवनाथ नदी में खोजने करीब 65 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चला।



# कम्पोस्ट बिक्री पर बोनस मिलेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गौठानों में बायो कम्पोस्ट बनाने वाले स्व-सहायता समूहों और बेचने वाली सहकारी समितियों को अब बोनस भी मिलेगा। स्व-सहायता समूहों को प्रति किलो एक रुपए की दर से बोनस मिलना है। वहीं सहकारी समितियों को 10 पैसे प्रति किलोग्राम की दर से यह बोनस दिया जाएगा।

कृषि विभाग ने 19 जुलाई को बोनस वितरण का आदेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक यह बोनस सात जुलाई तक बिक चुके कम्पोस्ट पर दिया जाना हे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में सात जुलाई को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस बोनस वितरण का फैसला हुआ था। उसके बाद मंगलवार को यह आदेश जारी कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक महिला स्व-सहायता समूहों ने 7 जुलाई 2022 तक लगभग 17 लाख 64 हजार क्विंटल का कम्पोस्ट बेच दिया है। इसके एवज में इन महिला समूहों को 17 करोड़ 64 लाख रुपए का बोनस दिया जाएगा। इस बिक्री के एवज में प्राथमिक सहकारी समितियों को एक करोड़ 76 लाख रुपए का बोनस प्रोत्साहन के रूप में दिया जाना है। बोनस की यह राशि गोधन न्याय योजना के बजट से दी जानी है। गोधन न्याय योजना के लिए वर्ष 2022-23 के बजट में 175 करोड़



रुपए की व्यवस्था है।

### अब तक 76 लाख क्विंटल से अधिक गोबर खरीदी

*इस योजना में अब तक 76 लाख क्विंटल से अधिक की गोबर खरीदी की जा चुकी है। महिला स्व-सहायता समूहों ने इस गोबर से अब तक इसमें 16 लाख 81 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट, 5 लाख 16 हजार क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट तथा 18 हजार 924 क्विंटल सुपर प्लस कम्पोस्ट का उत्पादन किया है।*

# आदिवासियों के प्रति नजरिया बदलें, आया सालों से पैठ बन चुकी सामाजिक दूरियां का मिटाने का वक्त

सोमवार को हुए मतदान के बाद राजग के संख्याबल को देखते हुए आदिवासी नेत्री और झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति चुना जाना लगभग तय है। इससे एक उम्मीद बंधती है कि 15वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के बाद देश की आदिवासी आबादी की तरफ लोगों का ध्यान जाएगा और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के बारे में चर्चा जोर पकड़ेगी। देश की आदिवासी आबादी के बारे में सामान्य रूढ़ियों से अलग हटकर सोचे जाने की तत्काल आवश्यकता है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में आदिवासियों की आबादी कुल आबादी का करीब 8.6 फीसदी यानी 10.4 करोड़ थी। पिछले वर्ष दिसंबर में प्रेस सूचना ब्यूरो ने एक आधिकारिक बयान में आदिवासी आबादी (एसटी) के बीच प्रगति के विभिन्न क्षेत्रों को सूचीबद्ध किया था। जैसे, बयान में कहा गया था कि वर्ष 2001 में आदिवासियों की साक्षरता दर 47.1 फीसदी थी, जो 2011 में बढ़कर 59 फीसदी हो गई। इसके अलावा, समय-समय पर होने वाले श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट (जुलाई 2019-जून 2020) में बताया गया है कि एसटी की साक्षरता दर बढ़कर 70.1 फीसदी हो गई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) प्लस रिपोर्ट के अनुसार, सीनियर सेकेंडरी स्तर पर एसटी छात्रों का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 2012-13 में 62.4 फीसदी था, जो 2019-20 में बढ़कर 76.7 फीसदी हो गया है। ये सभी अच्छी खबरें हैं। लेकिन विभिन्न मोर्चों पर प्रगति के बावजूद देश की आदिवासी आबादी कई क्षेत्रों में पीछे है और उनके लिए वैधानिक आरक्षणों के अलावा और भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के समर्थन से मानव विकास संस्थान (आईएचडी) द्वारा लाई गई एक नई रिपोर्ट- %अनुसूचित जनजाति मानव विकास रिपोर्ट 2022% बताती है कि एसटी समुदाय स्वास्थ्य एवं पोषण के अधिकांश संकेतकों पर अन्य सामाजिक समूहों से पीछे है। हालांकि एसटी में बच्चों के बचने की दर में सुधार हुआ है, लेकिन पांच साल से कम उम्र के आदिवासी बच्चों की मृत्यु दर दुनिया में सबसे ज्यादा है।


राष्ट्रपति चुनाव

> कई आदिवासी समुदाय दुर्गम ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, लेकिन दूरी और दुर्गमता के कारण इन्हें बुनियादी सेवाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। आदिवासियों की रूढ़िवादी छवि को भी तोड़ने की तत्काल आवश्यकता है।

यह रिपोर्ट मिली-जुली तस्वीर पेश करती है। एक तरफ जहां अनुसूचित जनजाति आबादी और अन्य समुदायों के बीच बुनियादी सामाजिक सेवाओं, विशेष रूप से बिजली, पीने के पानी की सुविधा, आवास, स्कूल में उपस्थिति, 18 वर्ष से कम उम्र में मृत्यु, पोषण और टीवी व मोबाइल फोन का स्वामित्व-तक पहुंच में असमानताओं की खाई कम होती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ, उच्च शिक्षा, कंप्यूटर कौशल और आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी कंप्यूटरों तक पहुंच जैसी नई या उन्नत क्षमताओं व सुविधाओं के मामले में दरार बढ़ गई है। आधिकारिक आंकड़े इन महत्वपूर्ण अंतरालों पर भी ध्यान देते हैं, जो आदिवासी समुदायों के विकास को पटरी से उतारते हैं। स्वच्छता की बुनियादी सुविधाओं की बात करें, तो जिन घरों में साफ-सफाई की उचित सुविधा नहीं है, उनमें डायरिया, पेचिश और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा अच्छी स्वच्छता सुविधाओं वाले परिवारों की तुलना में अधिक होता है। लेकिन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (2019-2021) के अनुसार, महाराष्ट्र जैसे औद्योगिक राज्य में मात्र 66 फीसदी अनुसूचित जनजाति के परिवारों में ही शौचालय की सुविधा है, जबकि जो परिवार आदिवासियों, दलितों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के नहीं हैं, उनके 92 फीसदी घरों में यह सुविधा उपलब्ध है। यह मुझे अपनी उस रिपोर्ट की याद दिलाता है, जो मैंने 2007 में लिखी थी।

उस वर्ष ओडिशा के तीन आदिवासी बहुल जिले-कोरापुट, रायगडा और कालाहांडी हैजा के प्रकोप के कारण चर्चा में थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन तीन जिलों में हैजा और हैजा जैसी अन्य बीमारियों से 155 लोगों की मृत्यु हो गई। प्रभावित जिलों में आदिवासियों के बीच काम करने वाले एक एनजीओ से मैंने बात की, तो उसके एक अधिकारी ने बताया कि डॉक्टरों की कमी और स्थानीय स्वास्थ्य तंत्र के कमजोर ढांचे के कारण मृत्यु में इजाफा हुआ। इन आदिवासी इलाकों में कर्मचारियों की कमी के कारण आपात स्थिति से निपटने के लिए दूसरे जिलों से डॉक्टरों की कई टीम बुलानी पड़ी थीं। कई आदिवासी समुदाय दुर्गम ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, लेकिन दूरी और दुर्गमता के कारण इन्हें बुनियादी सेवाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। आदिवासियों की रूढ़िवादी छवि को भी तोड़ने की तत्काल आवश्यकता है। इस साल मार्च में आदिवासी इलाकों में जनजातीय स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रणालियों के मूल्यांकन पर बात करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने सहानुभूति की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जब आदिवासी समाजों के स्वास्थ्य देखभाल की बात आती है, तो हम अक्सर मान लेते हैं कि वे अंधविश्वासी हैं, जो हमेशा सही नहीं होता। जब स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं उनके पास नहीं पहुंचती हैं, तो वे विकल्प तलाशते हैं। वे निश्चित तौर पर आधुनिक देखभाल सेवाएं स्वीकार करते हैं।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### लोकप्रिय है अग्निपथ योजना?

2022 के बैच के लिए रिकॉर्ड 7,49,899 आवेदन उसे मिले हैं। सरकारी पक्ष ने इसे इस योजना की लोकप्रियता का सबूत माना है। लेकिन क्या यह सच है? अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के लिए भारतीय वायु सेना ने अग्निवीरों की आर्जियां आमांत्रित कीं। 2022 के बैच के लिए रिकॉर्ड 7,49,899 आवेदन उसे मिले हैं। सरकारी पक्ष ने इसे इस योजना की लोकप्रियता का सबूत माना है। लेकिन क्या यह सच है? हाल के वर्षों में ऐसी खबरें आईं, जिनमें बताया गया कि कहीं चपरासी तो कहीं सफाई कर्मी के पद के लिए लाखों अर्जियां आ गईं? तो क्या यह माना जाएगा कि उन पदों की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है? अथवा, यह देश में बढ़ती जा रही बेरोजगारी का सबूत है, जिसमें नौजवान कोई भी काम किसी भी शर्त पर करने को बेताब हैं? भारतीय वायु सेना के लिए आवेदन की प्रक्रिया पांच जुलाई को पूरी हुई। वायु सेना ने अपने ट्वीट में बताया है कि उसे अग्निवीर योजना में कुल 7,49,899 आवेदन मिले, जो कि इससे पहले तक किसी भी भर्ती चक्र में अधिकतम आवेदन 6,31,528 की तुलना में कहीं अधिक है। वायुसेना में नौकरी के लिए आवेदन करने वाले अब सभी आवेदकों को चयन परीक्षा में बैठने के लिए बुलाया जाएगा। वायुसेना अग्निवीर-वायु कैलेंडर के मुताबिक परीक्षा 25 जुलाई से आयोजित होने वाली है। चुने गए गए उम्मीदवारों को एक दिसंबर को पीएसएल राउंड के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवारों के चयन की घोषणा 11 दिसंबर को होगा। वायु सेना 2022 के लिए 3,500 अग्निवीरवायु की भर्ती करेगी।

# बत्तीस साल बाद न्याय की उम्मीद, मानो समय ने एक चक्र पूरा कर लिया

न्याय की परिधि में मानो समय ने एक चक्र पूरा कर लिया है। क्या किसी ने कल्पना की थी कि 32 वर्ष पहले कश्मीर में दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया सईद अपहरण का मामला फिर से खुलेगा और न्यायिक प्रक्रिया मुकाम पर पहुंचने की ओर अग्रसर होगी? पिछले 16 जुलाई को जम्मू के टाडा न्यायालय में रुबिया सईद ने यासीन मलिक समेत चारों आरोपियों की पहचान की। यासीन मलिक आतंक के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में आजीवन कैद की सजा भुगत रहा है।

दरअसल जिस दिन मोदी सरकार ने अलगाववादी नेताओं तथा पूर्व आतंकवादी से नेता बने लोगों के विरुद्ध गैरकानूनी गतिविधियां निवारक कानून के तहत मामला दर्ज किया, उसी दिन साफ हो गया था कि कश्मीर में 90 के दशक में हुए भयावह अन्याय के न्यायिक प्रतिकार का रास्ता बन चुका है। आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में गिरफ्तार लोगों को सजा मिलनी शुरू हो चुकी है। इसी के तहत यासीन मलिक से जुड़े मामले भी पुलिस और एनआईए ने खोल दिए। रुबिया सईद अपहरण तब सर्वाधिक चर्चित मामला था। विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार में गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद पर ही कई हलकों में आरोप लगा था कि उन्होंने जेल में बंद आतंकवादियों को छुड़ाने के लिए अपनी बेटी के अपहरण का नाटक रचवाया था। श्रीनगर के सदर पुलिस थाने में आठ दिसंबर,


प्रक्रिया

> **पहली बार मोदी सरकार ने आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा से संबंधित वारदातों को सही परिप्रेक्ष्य के साथ कानून के कठघरे तक लाने का साहस किया है। इसका भी विश्लेषण करना पड़ेगा कि आखिर ऐसी स्थिति कैसे पैदा हो गई कि रुबिया सामान्य तरीके से न्यायालय पहुंचीं और उन्होंने गवाही दी वह आगे जिरह में भी उपस्थित रहने को तैयार हैं।**

1989 को रुबिया सईद अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। इसके अनुसार, रुबिया ट्रांजिट वैन से श्रीनगर के ललदेद अस्पताल से नौगांव अपने घर जा रही थी। तब वह एमबीबीएस करने के बाद अस्पताल में इंटर्नशिप कर रही थी। वैन जब चांदपुरा चौक के पास पहुंची, तो उसी में सवार तीन लोगों ने बंदूक के दम पर वैन रोककर रुबिया का अपहरण कर लिया। बाद में उन्होंने अपने साथी आतंकियों को जेल से छोड़ने की मांग की। इस मामले में यासीन मलिक, मेहराजुद्दीन शेख, मोहम्मद जमाल, अमीर मंजूर अहमद सोफी के अलावा अली मोहम्मद अमीर, इकबाल अहमद, जावेद अहमद मीर, मोहम्मद रफी, वजाहत बशीर और शौकत अहमद बख्शी के नाम शामिल हैं।

गृहमंत्री की बेटी का अपहरण असाधारण घटना थी। पूरा देश सकते में था। अंततः सरकार ने 13 दिसंबर को पांच आतंकवादियों को रिहा किया, जिसके बाद रुबिया को छोड़ा गया। छोड़े गए आतंकवादियों में शेर खान पाक अधिकृत कश्मीर का रहने वाला था, जिसे बाद में सुरक्षा बलों ने मार गिराया। दूसरा भी सुरक्षा बलों द्वारा श्रीनगर में मारा गया।

जावेद जरगर और नूर मोहम्मद याहिन जेल में हैं। हां, अल्ताफ अहमद बेंगलूरू में रेस्त्रां चला रहा है। न्यायालय ने 29 जनवरी, 2021 को रुबिया सईद अपहरण मामले में यासीन मलिक व अन्य को आरोपी करार दे दिया। रुबिया सईद अपहरण मामले का खुलना केवल एक अपहरण की न्यायिक प्रक्रिया भर नहीं है।

यह जम्मू और कश्मीर में आए व्यापक बदलाव का प्रमाण है। रुबिया सईद अपहरण कांड जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। उससे आतंकवादियों का हौसला बढ़ा और उन्होंने जो कहर बरपाया, वह इतिहास का भयानक अध्याय बन चुका है। वीपी सिंह के बाद आई नरसिंह राव की सरकार ने भी रुबिया अपहरण मामले को आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई। हालांकि उस दौरान आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई हुई एवं जम्मू और कश्मीर में इतनी शांति स्थापित हुई, कि 1996 में विधानसभा चुनाव कराया जा सका।

अवधेश कुमार

## मिला जुला

# कलेक्टर बने स्टूडेंट, 11 वीं के विकास ने पढ़ाया समकोण त्रिभुज का गणित

### शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नगर और नगर से रटगा सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने एसपी त्रिलोक बंसल के साथ बैकुंठपुर विकासखण्ड के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर ने बैकुंठपुर और शिवपुर चरचा नगरीय निकाय में कृष्ण कुंज तैयार करने चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण किया और एसडीएम बैकुंठपुर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। शासन के निर्देश अनुसार नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज तैयार किये जा रहे हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज विकसित किए जाएंगे। कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण किया जाएगा। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे राज्य में कृष्ण कुंज के लिए चिन्हित स्थल पर वृक्षों का रोपण प्रारंभ किया जाएगा।



#### कृष्ण कुंज के लिए चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

#### शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नगर और नगर से रटगा सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण

कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नगर का औचक निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान उन्होंने कक्षा 11 वीं के कृषि संकाय के बच्चों से बात कर पढ़ाई पर चर्चा की। कलेक्टर स्वयं छात्र-छात्राओं के साथ बैठे और बच्चों ने समकोण त्रिभुज का गणित पढ़ाया। कलेक्टर ने बच्चों से अच्छे से पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। इसके बाद कलेक्टर शर्मा ने नगर तिहाई पारा से रटंगा टेमरापारा 2.3 किमी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि समय सीमा में कार्य पूर्ण करेंए समय वृद्धि नही दी जाएगी और लापरवाही पर पेनल्टी की कार्यवाही भी की जाएगी। इस दौरान एसडीएम बैकुंठपुर एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रोक्सी या एवजी शिक्षकों के विरूद्ध तत्काल एक्शन के निर्देश

### सभी शासकीय शिक्षकों की विवरण सहित फोटो शाला परिसर की बाहरी दीवार में होगी प्रदर्शित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

सुदूर अंचलों में स्थित शालाओं में निरीक्षण के दौरान प्रोक्सी मतलब अपने स्थान पर एवजी शिक्षकों के कार्यरत होने की जानकारी प्राप्त होने पर स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आगामी 10 दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही प्रोक्सी अथवा एवजी शिक्षकों की जानकारी प्राप्त होने पर संकुल समन्वयकों के माध्यम से तत्काल इसकी शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी को करवाते हुए एक्शन लेने कहा गया है। एवजी या प्रोक्सी शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए आगामी दस दिनों के भीतर सभी शालाओं में कार्यरत शासकीय शिक्षकों के फोटो और उनके नाम सहित विवरण बाहरी दीवार पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शासकीय शिक्षकों के दस्तावेजों का कार्यालय में वेरिफिकेशन करते हुए प्रमाणीकरण करने कहा गया है। शाला प्रबन्धन समिति के साथ सभी कार्यरत शासकीय शिक्षकों का परिचय सत्र आयोजित कर प्रत्येक शिक्षक द्वारा उनके समक्ष शाला गुणवत्ता सुधार हेतु लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्तुतीकरण करने भी कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी शालाओं में आगामी दस दिनों के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है। जिससे राज्य स्तर से निरीक्षण के दौरान सभी शालाओं में यह व्यवस्था लागू होने की सूचना मिल सके।

# बीमारियों से बचाव के लिए घर घर जाकर किया जा रहा स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले के कोंटा नगर पंचायत क्षेत्र में बाढ़ के कारण लगभग सभी रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति रही। बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही, सड़कों से मलबा हटाकर, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए घर घर घूमकर वार्ड वासियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाईयां प्रदान की जा रही है। वहीं मच्छरों से बचाव के लिए वार्डों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रशासन द्वारा मच्छरदानी भी उपलब्ध कराई जा रही है। पेयजल की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए हैंडपंप, बोरवेल एवं अन्य जल स्त्रोतों में क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है।



# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

### 20 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन 20 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि उद्योग के लिए 50 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रुपये तथा व्यवसाय के लिए 2 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। जिस पर शासन द्वारा 10 से 35 प्रतिशत तक अनुदान नियमानुसार दी जाएगी। योजना का लाभ न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण जिले के स्थानीय युवाओं को दिया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को पासपोर्ट साईज फ ोटो, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, भूमि का नक्शा खसरा, नगरीय निकाय क्षेत्र का अनापत्ति प्रमाण पत्र, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सुकमा कलेक्ट्रेट परिसर कक्ष क्रमांक.38 में आवेदन कर सकते है।

## चेकिंग के दौरान ले ली जान

# हरियाणा के बाद झारखंड में महिला पुलिस अधिकारी को वैन ने कुचला

**रांची।** हरियाणा के बाद अब झारखंड के रांची जिले में वाहन चेकिंग के दौरान एक महिला दरोगा की पिकअप वैन से कुचलकर हत्या कर दी गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला पुलिस अधिकारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं, वाहन चालक वारदात को अंजाम देने के बाद भागने में सफल रहा. पुलिस का दावा है कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. यह मामला रांची जिले के तुपुदाना इलाके का है. जहां बुधवार तड़के 3 बजे 2018 बैच की पुलिस एसआई संध्या टोपनो वाहनों की चेकिंग कर रही थीं. इसी दौरान महिला पुलिस अधिकारी ने एक पिकअप वैन को रोकने का इशारा किया था. लेकिन ड्राइवर ने वाहन की रफ्तार बढ़ाकर महिला दरोगा को रौंद दिया. इस घटना में महिला पुलिस अधिकारी की घटनास्थनल पर ही मौत हो गई. वहीं, आरोपी पिकअप वैन का चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा. घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दरोगा के शव को कब्जे में लिया. इसके बाद आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले. पुलिस ने इस मामले के एक आरोपी की गिरफ्तारी और वाहन की बरामदगी की पुष्टि की है।



### हरियाणा में DSP को कुचला

उधर, बीते दिन यानी मंगलवार दोपहर ही हरियाणा के नूंह जिले में अवैध पत्थर खनन की जांच करने गए एक पुलिस उपाधीक्षक (ष्टस्क्) को डंपर से कुचलकर मार डाला गया. तावडू के डीएसपी सुरेंद्र सिंह ने दस्तावेज की जांच के लिए एक डंपर को रुकने का इशारा किया था, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए उन्हें कुचल डाला. पुलिस ने बताया कि घायल अधिकारी को फौरन पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# आम आदमी महंगाई की मार से त्रस्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आम जनता के लिए जिंदगी का गुजारा करना काफी मुश्किल होते जा रहा है। गरीब तबका तो पहले से ही परेशान हैं। लेकिन अब तो मध्यवर्गीय परिवार को भी अपनी आए और वय और मे सामंजस्य बैठाना बेहद मुश्किल हो रहा है।



करोना काल के बाद आम आदमी मंदी व सभी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई ने आम जनता को जीवन यापन एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी दैनिक उपयोग की वस्तुओं व पेट भरने वाली रसोई के बढ़ते बजट में आम व खास सभी वर्ग के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लगाकर महंगाई की मार ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। ऐसे में आम जनता के लिए जिंदगी का गुजारा काफी मुश्किल होता जा रहा है। डीजल पेट्रोल की बढ़ रही। बाजार पर दिख रही है। और रसोई गैस के किचन का जायका बिगाड़ कर रख दिया है। बढ़ती महंगाई ने लोगों को आवश्यक खर्चों में कटौती करने के लिए विवश कर दिया है। बाजार कारोबारियों के प्राप्त जानकारी के अनुसार अनाज व खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ ही साबुन, शैंपू,बिस्किट, की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। बजट बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण यह है। कि खाद्य तेलो की कीमतें में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है। इनकी कीमतें 40 फीसदी से अधिक बढ़ गई। है एसपी से एक 50 रिटर्न बिकने वाला होली पर 200 प्रति लीटर में बिक रहा है इसी प्रकार 130 से 150 रुपए लीटर मे बिकने वाला खाद्य तेल अब 200 लीटर हो गया है । वही 350 रुपए किलो में बिकने वाली चाय किलो अभी 510 किलो पहुंच गई है सोया तेल 111 फीसदी आटा 7 फीसदी और अरहर की दाल 45 फ़ीसदी महंगाई हो गई है। बीते 10 माह के दौरान दूध की कीमत दो बार बढ़ चुकी है। हेयर आयल की कीमत 280 से बढ़कर 340 हो गई है। महंगाई को लेकर राजनीतिक भी अपने चरम पर है। केंद्र सरकार की अपनी दलीलें है। और उस वक्त भी अपने राजनीतिक नफे नुकसान के हिसाब से विरोध और आलोचना कर रहा है ।लेकिन इन सबके बीच आम आदमी को कोई राहत मिलती दिखाई नहीं देती सरकार बदलती गई है। लेकिन महंगाई नहीं रुकी महंगाई घटने की बजाय दिनों दिन बढ़ती ही गई। आम आदमी के लिए परिस्थितियां चाहे कुछ भी हो बड़े लोगों को तो इतना फर्क नहीं पड़ता परंतु उन गरीब लोगों का क्या जो किसी प्रकार से दो वक्त की रोटी जुटा पाते हैं। बढ़ती महंगाई ने आम जनता बेहद परेशान है। आए दिन किसी ना किसी चीज के भाव बढ़ने की खबर आती रहती है। मगर इस ओर सरकार का ध्यान नहीं है।

### आमदनी अठन्नी,खर्चा रुपैया

आम लोगों के लिए लगातार बढ़ती महंगाई से हाहाकार मच रहा है। डीजल पेट्रोल और रसोई गैस के दामों में लगातार हो रही वृद्धि कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे हैं। बढ़ती महंगाई ने लोगों का घरेलू बजट तहस-नहस करके रख दिया है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर रखा है। खाद्यान्न तेल किराना सामान और दूध के दाम में वृद्धि से लोगों के भोजन की थाली महंगी होती जा रही है। हरी सब्जियों और फ लों के दाम में भी दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ने लगे हैं। हरी सब्जियों के अभाव में टमाटर की चटनी खा पाना भी मुश्किल हो रहा है। महंगाई पर रोक लगाने की दिशा में सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है ।वही यह संभावना भी जताई जा रही है। कि आने वाले दिनों में महंगाई और ज्यादा रुलाएगी राज्य सरकारों को इस पर लगने वाले वैट की दरों को कम करना चाहिए । ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इसके साथ ही जमाखोरी, और मुनाफ ाखोरी करने वालों के खिलाफ भी छापामारी, करवाई की जानी चाहिए। जो लंबी ऐसे से आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी कर बाजार में संकट पैदा करते हैं। और भारी मुनाफा कमाते हैं।

## एक नजर

### बारिश से हुआ शहर तरबदर, घरों में घुसा पानी, जलमग्न हुए खेत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



मूसलाधार वर्षा से क्षेत्र जल थल हो गया तेज वर्षा के कारण पूरे गांव में कहीं पानी भर जाने से जीवन अस्त.व्यस्त हो गया हालत यह रहा कि जिन स्थानों पर कभी बरसात का पानी नहीं भरता था। वहां भी कई कई जगह पानी भर जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा घरों में भी बरसात का पानी घुस जाने से लोग परेशान हुए लोग को बाल्टी ओ सारे पानी को बाहर निकालना पड़ा गली मोहल्ले में पानी भरने से लोग घरों में ही दुबके रहे नदी का जलस्तर बढ़ने से आसपास रहने वाले लोगों मे भय हैं ।वहीं क्षेत्र में कच्ची मिट्टी के मकानों में रहने वाले वर्षा रुकने का इंतजार कर रहे थे नजारा है। जिससे फर्शी खदानों में पानी भर जाने से मजदूरों को काम करते नहीं बन रहा है। क्षेत्र के कई गांव में गली से लेकर घरों में घुसे वर्षा का पानी जिसको निकलने के लिए ग्रामीण दिनभर मशक्कत करते रहे। लगातार हो रही बारिश से खेतों में धान के पौधे भी प्रभावित हुए। अधिकांश खेत लबालब तालाब में तब्दील हो गए हैं। घरों और गलियों में लगातार पानी का बहाव चल रहा है। सर जी बाड़ी में अधिक पानी गिरने के कारण काम करते नहीं बन रहा है। शहर सड़क गांव के खेत पर 3 फुट पानी भरा हुआ है।

### सोरिद में 75 लाख की लागत से बनेगा हाईस्कूल भवन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

ग्राम सोरिद में 75 लाख 23 हजार रूपए की लागत से हाईस्कूल भवन का निर्माण होगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर राज्य शासन से भवन निर्माण के लिए मंजूरी मिली है। भवन निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है। गौरतलब है कि संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर के प्रयास से ग्राम सोरिद में हाईस्कूल भवन के लिए बजट में इसके लिए प्रावधान किया गया था। बाद इसके हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए राज्य शासन से 75 लाख 23 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर का सरपंच सेवती बाई ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, देवेंद्र चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, सियाराम विश्वकर्मा, दुष्यंत चंद्राकर, पुरूषोत्तम साहू, दशरीबाई विश्वकर्मा, मनटोरा ध्रुव घुरवाबाई यादवए नर्मदा चंद्राकर आदि ने आभार जताया है।



# हरेली से होगी गौ-मूत्र की खरीदी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

गौ पालकों को गोबर के साथ अब गौ-मूत्र भी आय का जरिया होगा। हरेली पर्व 28 जुलाई से महासमुंद जिले की दो स्वावलंबी गौठानों बिरकोनी और गोड़बहाल से इसकी शुरूआत होगी। पहले गौमूत्र खरीदी के लिए बिरकोनी के साथ बड़गांव गौठान को चिन्हांकित किया गया था। आज उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि अब गौमूत्र की खरीदी बड़गांव गौठान की जगह गोड़बहाल गौठान में होगी। दोनों गौठानों में गौमूत्र की खरीदी की सभी जरूरी तैयारी अंतिम दौर में है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गौमूत्र क्रय संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। गौठानों में गौमूत्र उसी पंचायत के पशुपालकों से क्रय किया जाएगा। इस हेतु गौठान समिति द्वारा समय सारणी निर्धारित की जाएगी। गौठान प्रबंधन समिति द्वारा पशुपालकों से गौमूत्र का क्रय दर निर्धारण स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। न्यूनतम राशि 4 रुपए लीटर ;परिवहन व्यय सहित शासन द्वारा प्रस्तावित है। पशुपालक गौमूत्र का विक्रय स्वैच्छिक कर सकेंगे। गौमूत्र का क्रय लीटर के गुणांक में किया जाएगा। जिससे राशि भुगतान में कठिनाई न हो। क्रय किए गए गौमूत्र की राशि का भुगतान गौठान प्रबंधन समिति द्वारा प्रत्येक 15 दिवस में हितग्राहियों को किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि जिले की गौठानों में 15352 मवेशी पंजीकृत हैं। बिरकोनी में 157 पशुपालक परिवार हैं। इसमें साईं स्व सहायता समूह गौठानों में विभिन्न गतिविधियां संचालित करती है। वहीं गोड़बहाल में 77 पशुपालक है। यहां नारी शक्ति स्व सहायता समूह सक्रिय है। गौठानों में गौमूत्र गौठान समिति के जरिए खरीदा जाएगा।

# आंगनबाड़ी में लगी चौपाल,टीबी रोग के प्रति किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



तिल्दा विकासखंड को टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी चैंपियंस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल आयोजित किये जा रहे है। यह चौपाल आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायत के सामुदायिक केंद्रों एवं विद्यालयों में आयोजित करवाए जा रहे हैं। और लोगों में टीबी रोग के प्रति फैली अज्ञानता को दूर करने में लाभदायक साबित हो रहे है। जागरूकता चौपाल का उद्देश्य लोगों में समय रहते टीबी की पहचान कर संक्रमित व्यक्ति को समय पर इलाज उपलब्ध कराना है। ऐसे ही एक कार्यक्रम में आई विमला देवांगन कहती है। ष्टीबी रोग के प्रति पूर्व में जो हमारी धारणा थी। वह यहां आकर दूर हुई, विशेष रुप जैसे टीबी संक्रमित रोगी के मरने के बाद ही खत्म होता है। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में लगी चौपाल में आकर यह जानकारी मिली कि टीबी का इलाज नियमित रूप से करने पर इस रोग से मुक्ति पाई जा सकती है। व्यक्ति पहले की तरह स्वस्थ जीवन जी सकता है। टीबी चैंपियन चमेली देवांगन ने चौपाल में आकर टीबी रोग के लक्षण एवं कारणों के बारे में बताया। उन्होंने केंद्र पर मौजूद लोगों को बताया व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी का होना या खांसी के साथ बलगम आना कभी-कभी थूक में खून आना या वजन का कम होनाए भूख न लगना और सांस लेते हुए सीने में दर्द की शिकायत होना क्षय रोग के लक्षण होते है। ऐसा होने पर तुरंत नजदीक के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। शासन द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है।

ृसमय पर पहचान हो जाने से टीबी का इलाज काफी आसान हो जाता है। अगर आपके आस पास किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार के लक्षण दिखते है तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाए या मितानिन से संपर्क करें ताकि समय पर संक्रमित के इलाज की सुनिश्चित व्यवस्था की जा सके। चमेली देवांगन ने बताया । विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक तिल्दा ममता सुनानी के अनुसार विकासखंड में अप्रैल 2022 से चौपाल लगाकर टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों के बीच जाकर स्वास्थ्य विभाग और टीबी चैंपियंस के द्वारा चौपाल लगाई जाती है जिसमें टीबी के बारे में बताया जाता है। अप्रैल से अब तक 13 चौपाल लगाई गई है। प्रत्येक चौपाल में 10 से 15 लोग रहते हैं। इन चौपाल के माध्यम से 17 लोग ऐसे लोग थे जिन्होंने टीबी चैंपियन या मितानिन के सहयोग से अपनी जांच करवाई, उसमें एक संक्रमित पाया गया था जिसका नियमित रूप से इलाज चल रहा। भारत से क्षय रोग को 2025 तक पूर्ण रूप से समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य को 2023 तक टीबी मुक्त बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत जिले में युद्ध स्तर पर टीबी नियंत्रण की दिशा में कार्य किये जा रहे है।

# अच्छी वर्षा होने से धान रोपाई का कार्य शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



अच्छी वर्षा किसानों के किसी वरदान से कम नहीं है। मानसून आने के बाद जिले में खरीफ की बुवाई भी हो चुकी है और धान के साथ अन्य फसल भी खेतों में देखी जाने लगी है अच्छी वर्षा होने से किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही है कृषि विभाग द्वारा अब तक 68.016 से किसानों को खेती किसानी के लिए 299 लाख का ऋण वितरण किया गया वर्ष 20 21, 22 खरीफ वर्ष में 54.082 किसानों को खेती किसानी के लिए 220 .93 करोड़ का ऋ ण वितरण किया गया था सहायक संचालक कृषि अमित मोहंती ने हमारे प्रतिनिधि प्रमोद दुबे को बताया कि किसानों ने खरीफ वर्ष 20 22 23 ने लगभग 50: से ज्यादा बोनी पूरी कर ली है। किसान धान रोपा में व्यस्त हो गए हैं। तरह तरफ खेतों में महिलाएं रोपा लगाती हुई देखी जा रही है कृषि विभाग द्वारा जिले में लगभग 264.200 1000 हेक्टेयर में खड़ी फसल बोनी का लक्ष्य है। जो पिछले खरीफ वर्ष से ज्यादा है इस लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 95 हजार 110 सेक्टर में किसानों द्वारा खरीफ मौसम की धान, मक्का, दलहन एऔर तिलहन फसलों की बुवाई पुरी की जा चुकी है। पिछले साल इस अवधि में बोनी का प्रतिशत इसी के आसपास था। जिले में चालू मानसून के दौरान विगत 1 जून से 18 जुलाई तक 46, 5 मिलीमीटर औसत वर्षा हो चुकी है इस दौरान सबसे ज्यादा 71.3 मिली मीटर बारिश महासमुंद विकासखंड में हुई है। किसानों द्वारा धान रोपाई का काम किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के प्रभार में किया संशोधन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टरध्डिप्टी कलेक्टरों के मध्य पूर्व में सौंपे गए प्रभार में संशोधन करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य विभाजन कर प्रभार सौंपा गया है। इनमें संयुक्त कलेक्टर दुर्गेश वर्मा को विभिन्न शाखाओं के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन आहरण एवं संवितरण सहित। कलेक्टर को प्रस्तुत की जाने वाली नस्तियां अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तु की जाएगी। जिले के सभी अनुविभाग के लिए राजस्व कार्यों हेतु समन्वय एवं नियंत्रण अधिकारी, जिला विभागीय जांच अधिकारी, भू-अर्जन-भू-बंटन अभियोजन शाखा, ई-प्रशासन अंतर्गत सॉफ्टवेयर का क्रियान्वयन, ई-डिस्ट्रीक्ट् लोक सेवा केन्द्र नाजरात शाखा आहरण संवितरण सहित अभिलेखागार हिंदी, अंग्रेजी, सहित मेडिकल कॉलेज महासमुन्द के संबंध में समस्त कार्य, जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण विभाग आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, नि:शक्त कल्याण एवं पुनर्वास, जिला नवाचार निधि योजना, परिवहन विभाग, जिला पंजीयक, जिला कोषालय, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, लोक निर्माण विभाग एवं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी महासमुंद द्वारा समय.समय पर सौंपे गये अन्य कार्य शामिल हैं। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर एसके टंडन को प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा आहरण संवितरण सहित कलेक्टर को प्रस्तुत की जाने वाली नस्तियां अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगीद्ध। नजूल शाखा कलेक्टर को प्रस्तुत की जाने वाली नस्तियां अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। तकाबी शाखा अधिक अन्न उपजाओं शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व समान्य राजस्व मोहर्रिर शाखाए प्रतिलिपि शाखा सहित समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।

# कोटा मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला महामाया मंदिर पहुंच दर्शन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

### मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बेजा कब्जा हटाने दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




कोटा कृषि उपज मंडी के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शुक्ला अपने समिति के सदस्यों के साथ महामाया मंदिर पंहुच दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। महामाया ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए किसानों के हित में कार्य करने का सुझाव दिया।

कोटा कृषि उपज मंडी के अंतर्गत रतनपुर उप मंडी आता है। जिसके परिसर में प्रतिवर्ष मेला का आयोजन किया जाता है उक्त परिसर मे कुछ लोगों के द्वारा बेजा कब्जा किया जा रहा था जिसकी जानकारी मिलने मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला मंडी सचिव जायसवाल नगर के प्रमुख लोगों के साथ पहुंचे एवं कब्जा धारियों से अविलम्ब कब्जा छोड़ने का निर्देश दिया साथ ही मंडी परिसर मे बॉउंड्री वाल एवं दुकान निर्माण करने की बात कहीरतनपुर नगर के आसपास सब्जी उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिसके लिए सब्जी मंडी के समुचित विकास एवं सुविधा की मांग सब्जी उत्पादक हारून बेग द्वारा की गई जिसे शीघ्र पूरा कराने का अश्वाशन दिया गया। निरिक्षण के दौरान पूर्व अध्यक्ष आनंद जायसवाल, मंडी सदस्य सुभाष अग्रवाल,नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे,महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पूर्णिमा वैष्णव, मदन कहरा,मंडी सदस्य लाला निर्मलकर, मोती पैंकरा, संजू चौहान,किसान कांग्रेस अध्यक्ष शिवदत्त पाण्डेय,दामोदर क्षत्रिय,शिवा पाण्डेय,रामगोपाल कहरा, रफ ीक बेग,सोनू गुप्ता,पुष्पकांत कश्यप,अमर यादव, रमेश सिंह,कुमारी देवी,अभिषेक मिश्रा, आदि उपस्थित थे।

# वर्मी खाद विक्रय से टर्नओवर कमाया 93 लाख, समूह की महिलाएं बोली अब बदल गया लोगों का नजरिया

### रोजगार का नया अवतार बन गयी है गोधन न्याय योजना, बड़े आर्थिक बदलाव की ओर बढ़ रहा प्रदेश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





गोधन न्याय योजना पूरे देश में अपने किस्म की अनूठी योजना है। शासन की गोधन न्याय योजना ने गोबर को एक कमोडिटी में तब्दील कर दिया है। आज गोबर बेचा और खरीदा जा रहा है। शासन छत्तीसगढ़ में पशुपालकों से गोबर खरीद रही है। इस गोबर से गौठानों में स्व सहायता समूहों के द्वारा वर्मी खाद बनाई जा रही है। इस वर्मी खाद के विक्रय से समूहों को जो लाभ हो रहा हैं और उससे उनके जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। इसी की एक बानगी देखने को मिलती है स्वच्छ मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र स्तरीय संघ के साथ। कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ के शहरी गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में संलग्न स्वच्छ मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र स्तरीय संघ, जो एक महिला स्वसहायता समूह है, आजकल काफी चर्चा में है और इस चर्चा का विषय है कि किस तरह इस समूह ने वर्मी खाद बेचकर 93 लाख रूपए कमाए हैं। चर्चा हो भी क्यों ना किसने सोचा था कि गोधन इतने काम का हो सकता है। धार्मिक कार्यो में गोबर का बेहद महत्व माना जाता है पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने गोबर को आर्थिक बदलाव की धुरी बना दिया है। पूरे जिले में सर्वाधिक वर्मी खाद उत्पादन करने वाले विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ की स्वच्छ मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र स्तरीय संघ की सदस्य प्रीति टोप्पो बताती हैं कि मैं पहले डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन का कार्य करती थी। जब गोधन न्याय योजना शुरू हुई तो शहर के गौठान में समूह के रूप में जुड़कर वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का कार्य शुरू किया। तब घर परिवार के लोग खुश नहीं थे, लेकिन जैसे.जैसे उत्पादन एवं विक्रय से लाभ मिला, लोगों का हमारे प्रति नजरिया बदलने लगा। इस योजना से हमें स्वरोजगार का जरिया मिला है और ये कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि समाज में हमारा मान.सम्मान बढ़ा है। समूह द्वारा अब तक 9 लाख 30 हजार किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन कर बेचा गया है जिसके एवज में समूह को 93 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। इसमें समूह का शुद्ध लाभ 36.49 लाख रुपए है। प्रीति ने बताया उसे लाभांश से लगभग 50 हजार रुपये मिले हैं। उसने बहन की शादी में कुछ कर्ज लिया था। वो इस पैसे से छूट गया और बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए साईकल लेकर दी है। घर के लोग पहले घर में टाइम ना दे पाने के कारण थोड़ा नाराज थे पर अब आय देखकर खुश हैं।

### आत्म निर्भरता का मिला रास्ता

इस समूह में 73 महिलाएं हैं। यानि सीधे.सीधे 73 महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के काम से जुड़ी कोई महिला निर्धन परिवार से है तो किसी ने कभी घर से बाहर निकलकर कभी काम नहीं किया। इस काम से हुई कमाई ने उन्हें अपने परिवार का मजबूत स्तंभ बनाया है। उन्हें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाया है।

# लिटिया ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव पर लाखों रुपए के गबन का आरोप

## जिला कलेक्टर के जनदर्शन में हुई थी शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

जनपद पंचायत के अंर्तगत आने वाले लिटिया ग्राम पंचायत की सरपंच-सचिव पर 15 लाख से ऊपर का गबन भ्रष्टाचार की शिकायत पंचायत के उपसरपंच.पंच सहित ग्रामीणों के द्वारा 28-जून-2022 को जिला कलेक्टर के जनदर्शन में किया गया था।



### सरपंच पति के हस्तक्षेप से उपसरपंच पंच सहित ग्रामीणों में आक्रोश,शिकायत करने पर गाली-गलौज दुर्व्यवहार छेड़खानी के झूठे मामले में पंसाने की देता है धमकी

उपसरपंच.ग्राम पंचायत लिटिया के द्वारा अपने शिकायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालय में हितग्राहियों को मिलने वाले अंशदान की राशि 9.96000 मूलभूत योजना 2021-22 के तहत बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के 4.1624/ सामुदायिक भवन की मरम्मत पर 95.000 गली.मरम्मत 2.13000 जिला.विकास निधि के तहत मोहंदी में सीसी.रोड़ निर्माण 180.000 15-वित्त.मद से विकास कार्यो हेतु लाखों रुपए की विभिन्न किश्तों को पंचायत के सरपंच व सचिव द्वारा बिना कार्य के फर्जी बिल प्रस्तुत कर गबन के आरोप सहित पीएफ एमएस मद से 2.20.000 हैंडपंप मरम्मत प्राथमिक शाला मोहंदी मरम्मत के कार्य मे भी गबन के आरोप ग्राम पंचायत के उपसरपंच.पंच सहित ग्रामीणों ने10 बिंदुओं पर लिखित शिकायत के रूप में कई गई थी।



### जिले से तीन सदस्यीय जांच टीम पहुंची लिटिया ग्राम पंचायत मचा हड़कंप

पंचायत सरपंच सचिव पर लाखों रुपए के गबन व भ्रष्टाचार की जिला-कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत के बाद जिला कलेक्टर के आदेश के बाद 15-जुलाई को तीन.सदस्यीय जांच टीम लिटिया ग्राम.पंचायत जांच में पहुंची। जांच टीम की ग्राम पंचायत की सरपंच उपसरपंच.पंच सचिव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में जिले से पहुची जांच टीम ने संबंधित दस्तावेज-अभिलेख का किया परीक्षण शुरू किया गया। जांच टीम के समक्ष सरपंच की उपस्थिति में काफ ी गहमागहमी.हुई आरोप.प्रत्यारोप हुए शुरुआती जांच के दौरान पंचायत के उपसरपंच पंच पूर्व सरपंच सहित ग्रामीणों के बयान जांच टीम के द्वारा लिया गया लगभग सभी ने वर्तमान सरपंच पर लाखों रुपये के गड़बड़ी का आरोप लगाया कुछ देर के बाद मीडिया की उपस्थिति में जांच टीम के मौके का निरीक्षण किया गया।

जहा पर जांच टीम के द्वारा शिकायत में कही बातें लगभग अधिकतर सही पाई गई। ग्राम.पंचायत के लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था के लिए कराई गई शासकीय.बोर सरपंच के अपने निजी जमीन उसके स्वयं के घर के अंदर पाया गयाण्उसके अलावा अधिकांश शिकायतें जो की गई थी लगभग सभी शिकायतें जांच टीम को सही मिलीण्जांच टीम के द्वारा जांच के दौरान सरपंच-सरपंच पति के साथ कई बार उपसरपंच पंच सहित ग्रामीणों के साथ वाद.विवाद की स्थिति भी निर्मित हुईण्गाली.गलौज व गहमागहमी की स्थिति के बीच जांच टीम वापस ग्राम पंचायत लिटिया पहुंच गई। जहा से मीडिया से बात करने के दौरान जांच टीम के अशोक धिरहि ने बताया कि मौके पर जाकर जांच टीम के द्वारा भु-अभिलेखो का परीक्षण संबंधित दस्तावेज के अवलोकनध्पश्चात अपनी रिपोर्ट जिला कलेक्टर कार्यालय को सौंपेगी। प्रथम दृष्टया जांच टीम ने भी गड़बड़ी की बात स्वीकारी।



### जांच टीम के ग्राम-पंचायत पहुंचने से पहले ही पंचायत के बाहर राशन कार्ड सहित दस्तावेज जले मिले

*जांच टीम के ग्राम पंचायत लिटिया में आने से पहले पंचायत भवन के बाहर ही कुछ पुराने राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जले हुए मिले मीडिया की नजर पड़ने के बाद जांच टीम को इसके बारे में अवगत कराया गया जिसके बाद जांच टीम के एक अधिकारी ने जले हुए राशन कार्ड और दस्तावेजों का अवलोकन किया। और इसे भी अपनी जांच में शामिल किया कुछ देर के बाद पूर्व सरपंच सहित जनपद सदस्य सहित अन्य ग्रामीण भी जल हुए राशन कार्ड सहित दस्तावेजो को खंगालने हुए सवाल उठाने लगे। जांच टीम ने इसे भी अपनी जांच में शामिल किया गया है। देखना होगा की जांच टीम के द्वारा जिला कलेक्टर को क्या रिपोर्ट सौंपती है।*

### जांच के दौरान जांच टीम के अधिकारी सरपंच पति को ही सरपंच कहकर संबोधित करते रहे

मौके के निरीक्षण के दौरान जांच टीम के अधिकारियों के द्वारा सरपंच पति को वो सरपंच कहकर संबोधित करते रहे। इस दौरान जांच टीम के आगे पीछे मौके के निरीक्षण के दौरान पंचायत के अभिलेख दस्तावेज के अवलोकन के दौरान सरपंच पति की उपस्थिति लगातार बनी रही। जांच टीम के निरीक्षण के दौरान लिटिया सरपंच की अनुपस्थिति में सरपंच पति की उपस्थिति का उपसरपंच पंचों ने विरोध किया। मीडिया ने भी जांच टीम को पंचायत सरपंच की अनुपस्थिति में जांच को अवैधानिक बताया। जिसके बाद त्वरित रूप से जांच टीम ने पंचायत सरपंच दुलेश्वरी नेताम को उपस्थित होने को कहाण्सरपंच की उपस्थित होने के बाद जांच टीम ने जांच आगे बढ़ाई। बीच में ऐसे कई मौके आय जहा पर सरपंच/पति के साथ उपसरपंच-पंचों व ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति बनती दिखाई दी।

# हत्या को छुपाने के नियत से आरोपी का सहयोग करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



उत्तरा कुमार चौहान पिता रामबिलास चौहान उम्र 48 साल साकिन बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा थाना हाजिर आकर जुबानी बताकर मर्ग इन्टीवेशन दर्ज कराया कि 26 जून 2022 के सुबह गांव के चोवाराम निषाद एवं गांव के रमेश्वर निषाद लोगो ने बताया कि गांव के डोम सिंह निषाद ने अपने बेटा शोभनाथ उम्र 02 साल 06 माह साकिन बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा को 24 जून 2022 के दोपहर करीबन 02,30 बजे ग्राम बहेरघट कन्हार खार थुकेल साहू के धनहा खेत में ले जाकर शोभनाथ निषाद को जमीन में पटककर पैर लात से गला को दबाकर शोभनाथ का हत्या करने पर मृतक शोभनाथ के शव को घटना स्थल से चोवाराम निषाद घर लाकर लोगो को मृतक को बिमारी से मृत्यु होना बताकर मृतक के शव को जला दिये है कि रिर्पोट पर मर्ग क्रमांक 82/222 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच पर से अपराध सदर धारा 302, 201, 120 बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। जिसके तहत अतिण् पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी डोमसिंह ऊर्फ पकलू निषाद 34 साल साकिन बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा से पुछताछ करने पर बताया कि अपने लडका शोभनाथ निषाद उम्र 02 साल 06 माह को अपने तरफ का बच्चा नहीं है कि शंका कर गुस्से में आकर जमीन में पटककर हाथ मुक्का से मारपीट कर पैर के पंजा से गला व सीना को दबाकर हत्या करना स्वीकार किये आरोपी को 15 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी चोवाराम एवं कमल निषाद, रमेशर निषाद से पुछताछ करने पर घटना दिनांक को डोम सिंह निषाद द्वारा मृतक शोभनाथ निषाद का हत्या करने के बाद हत्या को छुपाने के नियत से एक राय होकर आपसी सहमति से मृतक के शव को गांव के शमशान घाट में ले जाकर शव को आग से जला देना स्वीकार किये है।

# कोंटा नगर पंचायत में सर्वे कार्य प्रारंभ, बाढ़ से हुई क्षति का किया जाएगा सर्वेक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।





बाढ़ से हुई क्षति के आंकलन के लिए कोंटा नगर के समस्त वार्ड में आज से सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। कलेक्टर हरिस एस द्वारा राजस्व अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त करते हुए समस्त वार्ड पटवारी, सचिवों को सर्वे के लिए नियुक्त किया गया गया। वार्ड पार्षदों के सहयोग से संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को हुई संपत्ति क्षति,, घरेलू सामान क्षति, पशु क्षति एवं अन्य क्षति का सर्वेक्षण कर क्षतिपूर्ति राशि हेतु प्रकरण तैयार किए जाएंगे।

## एक नजर

### किसानों को नहीं मिल रहा खाद, बाजार में चल रही कालाबाजारी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




खाद की कालाबाजारी भारी मात्रा में हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की सुविधा के लिए अनेक प्रकार की घोषणा कर रही है। इधर के लिए किसान को खाद नहीं मिल रहा है। यूरिया का सास की दर 267 रुपए वही डीएपी का 1300 रुपए है। लेकिन यह किसान को सोसाइटी से नहीं मिल रहा है। महासमुंद क्षेत्र के किसान परेशान है। और व्यापारी से अधिक दाम मे खाद लेने विवश है। आसपास ग्रामीणों सभी सरकारी समितियां में खाद कमी है। जिसके कारण किसानों को उचित दाम में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है ।वहीं प्राइवेट किसी केंद्रों में खाद्य का भंडारण है। जिससे किसानों को खाद कृषि केंद्रों में जाकर व्यापारियों से लेना पड़ रहा है। किस विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। इसलिए खा देखने वाले व्यापारी बेखौफ होकर खुलेआम 400 500 से अधिक दामों में बेच रहे हैं यूरिया 265 रुपए है वहीं डीएपी 1300 रुपए है उसे 1600 रुपए से 1700 रुपए तक बेचा जा रहा है।

### चाइल्डलाइन की टीम ने जंजीर से बंधी 15 वर्षीय नाबालिग को मैनपाट के रास्ते से रेस्क्यू कर भेजा चाइल्ड लाइन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



चाइल्डलाइन की टीम कल क्षेत्र भ्रमण पर निकली थी। जहां मैनपाट के रास्ते पर एक मानसिक रूप से विक्षिप्त 15 वर्षीय नाबालिग लड़की, उनको मिली उस लड़की के हाथ और पैर पर जंजीर बंधा हुआ था। चाइल्डलाइन की टीम द्वारा तत्काल 112 की मदद से लड़की को रेस्क्यू कर सीतापुर थाना लाया गया तथा लड़की का कोविड जांच कराने के बाद, चाइल्ड लाइन सीतापुर की टीम द्वारा उसे चाइल्डलाइन केयर अंबिकापुर भेज दिया गया है,वहीं जब बलजीत राम कुजूर चाइल्डलाइन टीम मेंबर सीतापुर, से लड़की के बारे में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि वह नाबालिग लड़की अपना नाम उर्मिला बता रही है तथा निवास की जानकारी लेने पर खुड़ियारानी और सरहापानी का निवासी होना बताया है। वह अपने माता-पिता व परिजन का नाम नहीं बता पा रही है। साथ ही वह इस क्षेत्र में कैसे पहुंची उसके बारे में भी उसके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### सीसीएम हॉस्पिटल में निः शुल्क कोविड के बुस्टर डोज की शुरूआत

**दुर्ग** । चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग में नि:शुल्क कोविड का बूस्टर टीकाकरण आरम्भ हो चुका है। वर्तमान में यहाँ कोविशील्ड व कोवैक्सीन दोनों उपलब्ध हैं जिसका लाभ मेडिकल स्टॉफ ले रहे हैं चिकित्स्कों एवं नर्सिंग स्टॉफने बूस्टर डोज़ लगवाया है। शिशु रोग विभाग के व टीकाकरण कार्यक्रम के प्रमुख डॉ. ओमेश खुराना ने आव्हान किया है कि आम जनता भी इस सुविधा नि: शुल्क का लाभ ले सकती है। दूसरे डोज़ के बाद 26 हफ़्तों में ही बूस्टर डोज़ लगवाना है जहां पहले नौ महीनों का अंतराल आवश्यक माना गया था।

चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीके पात्रा एवं सम्बद्ध चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर देशकर के निर्देशानुसार आगामी 27 जुलाई को विश्व सीपीआर दिवस पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें चिकित्सा शिक्षक व नर्सिंग स्टॉफ को आपात स्तिथियों में मरीज़ की प्राण रक्षा कर सकने का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे हार्ट अटैक, सांस बंद होने, डूबने, इलेक्ट्रिक शॉक लगने या मिर्गी के मरीज़ो की त्वरित चिकित्सा करने का मॉडल्स पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे मरीज़ो की प्राण रक्षा की जा सके कार्डियो थोरासिक सर्जन डॉ. सुरप्रीत चोपड़ा द्वारा संचालित ये कार्यशाला मेडिकल स्टॉफके लिए बहुत उपयोगी होगी। जिसे प्रशिक्षित होकर ये भविष्य में स्कूल के बच्चों व जनसामान्य को भी इसका प्रशिक्षण दे सकेंगे।

# कोरोना से उठा पिता का साया तो मिला अनुकम्पा नियुक्ति का सहारा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राज्य सरकार द्वारा मानवीय सहानुभूति को ध्यान मे रखते हुए बीते वर्ष अनुकम्पा नियुक्ति में 10 प्रतिशत के सीमा बन्धन को समाप्त कर दिये जाने से प्रदेश के दिवंगत शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों के स्वजनों को अनुकम्पा नियुक्ति का रास्ता खुल गया है।



सहायक जिला आबकारी अधिकारी बेमेतरा में कार्यरत लगभग 47 वर्षीय स्व. मदन लाल ठाकुर का 18 अप्रैल 2021 को कोरोना महामारी की दूसरी लहर में असमय मौत हो गई। नियति को कौन टाल सकता है। ऐसे समय में उनके परिवार के समक्ष भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई। परिवार मे पत्नी के अलावा दो पुत्री है। ग्राम अरसनारा तहसील पाटन जिला दुर्ग में उनका संयुक्त परिवार है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी मदन ठाकुर की 23 वर्षीय बड़ी पुत्री कुमारी शुभि ठाकुर स्नातक तक पढ़ी लिखी है। संकट के इस मुश्किल घड़ी में पिता के निधन के दो माह के पश्चात उन्हे जिला कार्यालय उपायुक्त आबकारी रायपुर में सहायक ग्रेड-03 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति मिली। शुभि ने 17 जून 2021 को अनुकम्पा नियुक्ति के तहत पदभार ग्रहण की। शुभि ने कहा कि उसने कभी सोचा नहीं था कि अनुकम्पा नियुक्ति के अनेक लंबित प्रकरणों के बीच उनको नौकरी इतनी जल्दी मिल पाएगी। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता के चलते ही यह सम्भव हो पाया और आज वह अपने परिवार के लिए कुछ करने लायक सक्षम हो पाई। राज्य शासन के इस राहत भरे फैसले पर शुभि ने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया। शुभि ने कहा कि पिता के न होने से परिवार का अधूरापन यद्यपि कभी खत्म नहीं होगाए लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अभिभावक की भूमिका निभाते हुए अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता के चलते ही यह सम्भव हो पाया और आज वह अपने परिवार के लिए कुछ करने लायक सक्षम हो पाई। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया।

# कलेक्टर हरिस एस ने कोंटा आत्मानंद राहत केंद्र में लोगों से की मुलाकात

## अधिक जनसंख्या वाले वार्ड में दो दल के माध्यम से सर्वे कार्य करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा कलेक्टर हरिस.एस ने बुधवार को कोंटा में स्वामी आत्मानंद स्कूल में राहत केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से चर्चा की और भोजन सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।



इस दौरान वार्ड क्रमांक 07 के निवासी शेख मुनीर ने बताया की राहत केंद्र में प्रशासन द्वारा की गई सभी व्यवस्थाएं गुणवत्ता पूर्ण है। समय पर गरम भोजन, सूखा राशन प्रदाय किया जाता है। टैंकर के माध्यम से पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। राहत केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरदानी वितरित की गई है। और मेडिकल कैंप के माध्यम से उपचार कर दवा वितरण किया जा रहा है। आत्मानंद स्कूल में बन रहे नए भवन में शरण लिए एक अन्य परिवार ने बताया कि विद्युत व्यवस्था की कमी है। जिसपर कलेक्टर हरिस एस ने एसडीएम कोंटा एवं संबंधित अधिकारी को राहत केंद्र में शीघ्र बिजली व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। उन्होंने लोगों से कुशलक्षेम जाना और कहा की रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में अधिकारियों, पत्रकारों के साथ किया भोजन

कलेक्टर हरिस एस एवं एसपी सुनील शर्मा ने पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में राहत केंद्र के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची। उन्होंने रसोई स्थल का अवलोकन किया, और इसके पश्चात जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों सहित गणमान्य पत्रकारों के साथ भोजन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डीएन कश्यप, एसडीएम कोंटा बनसिंह नेताम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी कोंटा गिरजा शंकर ने भी भोजन ग्रहण किया। पत्रकारों में सतीश चांडक, शिव यादव, रफीक खान, वरुण नायडू एवं नवीन गोंदी उपस्थित रहे। सभी ने राहत केंदों में प्रदाय किए जा रहे भोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की।



### कुशलक्षेम जाना, व्यवस्थाओं का लिया संज्ञान

### प्रत्येक परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर करे क्षति का आंकलन-कलेक्टर

कोंटा नगर पंचायत अंतर्गत सभी वार्डों में आज से बाढ़ से हुई क्षति का सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर एवं एसपी ने वार्ड क्रमांक 6 में सर्वे कार्य का अवलोकन किया। लोगों ने बताया की सर्वे कार्य के प्रति संतुष्टि जाहिर की।

कलेक्टर ने सर्वे कार्य में लगे अधिकारियों को वार्ड के समस्त परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर बाढ़ से हुई वास्तविक क्षति का आंकलन कर प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए है। साथ ही जिन वार्ड में परिवार संख्या अधिक है। वहां दो टीम बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कोंटा सहित सुकमा तहसील के पटवारियों को सर्वे कार्य में लगाने के निर्देश दिए। ताकि सर्वे काय जल्द से जल्द पूर्ण किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नगर पंचायत के सभी वार्डों में साफ -सफ ाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, हैंडपंप, बोरवेल आदि जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन करने, मच्छरदानी वितरण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को राहत केंद्र में शरण लिए लोगों सहित, वार्ड में घर घर जाकर मौसमी बीमारियों की जांच कर दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।



# दून कांड में पुलिस अधिकारी की पत्नी की भूमिका में नजर आ रही डोनल बिष्ट

**बिग बॉस 15 फेम डोनल बिष्ट आगामी बदला और खोजी सीरीज दून कांड में एक पुलिस अधिकारी की पत्नी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह इकबाल खान और इंद्रनील सेनगुप्ता के साथ अभिनय कर रही हैं।**

डोनल कहते हैं, यह बदला लेने की कहानी मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों में फिल्माई गई है जो इसे अजीब बनाती है और उन गैंगस्टर कहानियों से बहुत दूर है जो हम मुंबई के आसपास या घटिया जगहों पर देखते हैं। मैं तमन्ना की भूमिका निभाता हूं जिसका जीवन 360 डिग्री मोड़ लेता है इकबाल खान द्वारा निभाए गए पुलिस अधिकारी से शादी करने के बाद। अभिनेत्री ने अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, वह एक नरम दिल वाली लड़की है जिसमें बड़ी ताकत और परिवार की बंधन शक्ति है। इस तरह के एक अद्भुत स्थान में शूटिंग बहुत अच्छी थी, हम लॉकडाउन खत्म होने के करीब डेढ़ महीने तक वहीं रहे। उन्हें उम्मीद है कि उनके प्रशंसकों को वेब सीरीज में उनका प्रदर्शन पसंद आएगा। वह निष्कर्ष निकालती है, मुझे अपने सभी सह-कलाकारों के साथ काम करने में बहुत मजा आया और हम एक परिवार की तरह बन गए। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वेब शो में मेरी भूमिका सभी को पसंद आएगी और उन्हें मेरा प्रदर्शन उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इसमें काम करने में मजा आया। मनोज खाड़े द्वारा निर्देशित उत्तराखंड पर आधारित यह वेब सीरीज राज्य के पुलिस बल के एसएसपी और एक अत्यधिक प्रभावशाली ड्रग लॉर्ड के बीच आगे-पीछे की कहानी है।

# शाहरुख खान के डॉन 3 में होने जा रही एडल्ट फिल्म स्टार केंड्रा लस्ट की एंट्री

**बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के साथ कौन काम करना आखिर कौन नहीं चाहता है। 7 समंदर पार भी लोग ऐसा ख्वाब देखते हैं। क्या आपको मालूम है मशहूर पोर्न स्टार केंड्रा लस्ट भी उन्हीं लोगों में से एक कही जाती है। वे शाहरुख खान के साथ उनकी मोस्ट अवेटेड मूवी डॉन 3 में काम करना चाह रही हैं।**



खबरों का कहना है कि शाहरुख खान स्टारर फिल्म डॉन 3 बनने वाली है। इतना ही नहीं बोला ये भी जा रहा है कि अमिताभ बच्चन भी इस मूवी का भाग बन सकते हैं। बादशाह और महानायक को एक मूवी में साथ देखना फैंस के लिए बड़ी ट्रीट होने वाली है। दोनों मेगास्टार्स के उपरांत कोई तीसरा भी है जो इस फ्रेंचाइजी से जुड़ना चाह रहा है। पोर्न स्टार केंड्रा लस्ट इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी में काम करने के लिए तैयार हैं। केंड्रा ने ट्वीट में फिल्ममेकर रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर को टैग करते हुए पोस्ट में लिख दिया है कि चलो पब्लिक की डिमांड पर डॉन 3 बन रहे हैं। मैं इन हूं। केंड्रा का इतना बोलना था कि लोगों के कमेंट्स की भरमार सी देखने के लिए मिली है। यूजर्स केंड्रा से पूछने लगे कि क्या वे किंग खान की फैन हैं। लोगों का कहना है अगर केंड्रा मूवी में दिखाई दे रही है तो इसे ब्लॉकबस्टर होने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ यूजर्स रितेश और फरहान से केंड्रा को कास्ट करने की बात कहते दिखे। यूजर्स का बोला है कि मूवी में रोमा के स्थान पर केंड्रा को ले लिया जाए। जिससे कुछ दिनों पहले केंड्रा ने जवान का फैन मेड पोस्टर साझा किया था। ट्वीट में लिखा था- मैं हमेशा से शाहरुख को एक्शन मूवीज में देखना चाह रही है। क्या टीजर है। एटली के इस मास्टरपीस का इंतजार रहने वाला है। केंड्रा के इन ट्वीट्स से तो मालूम पड़ता है कि किंग खान के सभी प्रोजेक्ट्स पर उनकी निगाह रहने वाली है। वे किंग खान की फैन हैं। ये तो बात रही केंड्रा की, अब शाहरुख खान के प्रोजेक्ट्स पर आ रहे है। किंग खान के कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। अगले वर्ष उनकी दो बड़ी मूवीज रिलीज होने वाली है। पठान और जवान। वे डंकी और डॉन 3 पर भी काम कर रहे हैं। फिलहाल डॉन 3 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है।

# अभिनेत्री सरगुन मेहता मिशन सिंड्रेला से बॉलीवुड में कर रहीं डेब्यू

**पंजाबी अभिनेत्री सरगुन मेहता की पंजाबी फिल्म जगत में एक अलग ही पहचान है और वह अपने शानदार गानों और बेहतरीन एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। अब सरगुन मेहता बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।**



अभिनेत्री को बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म मिशन सिंड्रेला में देखा जाएगा। अभिनेत्री कहती हैं, सही भूमिका के लिए इंतजार करना बहुत महत्वपूर्ण है, चाहे आप कहीं भी कदम रख रहे हों, खासकर जब आप एक नए माध्यम में कदम रख रहे हों, क्योंकि कुल मिलाकर एक नया दर्शक वर्ग है।

अभिनेत्री ने इंडस्ट्री को लेकर आगे कहा, पंजाबी उद्योग अभी भी बहुत कच्चा है, इस पर अभी काम चल रहा है, ताकि चीजें बेहतर हो सकें। हमसब अबी दर्शकों के बारे में उनकी पसंद को ध्यान रखते हुए अभी भी पंजाबी इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। खैर मुझे तो हर जगह काम करने में मजा आता है। इसके अलावा पंजाबी इंडस्ट्री को लेकर सरगुन में बहुत से किस्से भी साझा किए।बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने डेब्यू को लेकर अभिनेत्री सरगुन मेहता ने कहा, मैं पहले तो बहुत डरी हुई थी, लेकिन दूसरी तरफ बहुत खुश भी थी, क्योंकि यह मेरा बॉलीवुड में डेब्यू है।

खैर मैं आपको बता भी नहीं सकती कि मैंने अपना पहला शॉट कैसे दिया, लेकिन सब हो गया।इसके अलावा अभिनेता रवि दूबे की पत्नी अभिनेत्री सरगुन मेहता ने अपने किरदार को लेकर भी अनुभव साझा किया और बताया कि इस किरादर के लिए उन्होंने कैसे तैयारियां की हैं।

# केस तो बनता है के वकील बने रितेश देशमुख



बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख कॉमेडी रियलिटी वेब शो केस तो बनता है में वकील की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साप्ताहिक कॉमेडी शो, जो ओटीटी पर आएगा, को बॉलीवुड के शीर्ष सितारों की विशेषता वाला भारत का पहला कॉमेडी कोर्ट माना जाता है। शो में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कुशा कपिला और बॉलीवुड अभिनेता वरुण शर्मा भी होंगे।

रितेश जुंटा का वकील की भूमिका निभा रहे हैं और बॉलीवुड की कुछ सबसे बड़ी हस्तियों के खिलाफ सबसे विचित्र और प्रफुल्लित करने वाले आरोप लगा रहे हैं, जिनका बचाव उनके वकील वरुण करेंगे। अपने नए शो के बारे में बात करते हुए, रितेश ने कहा, यह मेरे जीवन का अब तक का सबसे बहुप्रतीक्षित मामला है।

मैं आपको बता नहीं सकता कि मैं कितना उत्साहित हूं। वरुण, कुश और मेरे पास इस शो की शूटिंग के लिए हमारे जीवन का समय था, और केस तो बंता है हमारे प्यार का एक श्रम है। इस शो में वह सब कुछ है जो आप मांग सकते हैं - हंसी और ढेर सारे मजेदार क्षण जो मनोरंजन के स्तर को ऊंचा रखेंगे। मुझे यकीन है कि पूरे भारत के दर्शक हंसी नहीं रोकेंगे।

अतिथि हस्तियों के भाग्य का फैसला कुशा द्वारा निभाई गई एक न्यायाधीश द्वारा किया जाएगा, जिसका अंतिम शब्द प्रबल होगा। नए आयाम जोड़ने वाले गवाह होंगे जो विभिन्न अवतारों में दिखाई देंगे। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित, यह शो 29 जुलाई को अमेजन मिनीटीवी, अमेजन शॉपिंग ऐप और फायर टीवी पर शुरू होगा।

## खेल

# फ्रेंचाइजियों ने सभी 6 टीमें खरीद लीं, मुंबई-चेन्नई ने लगाई 250 करोड़ की बोली

IPL की तर्ज पर साउथ अफ्रीका में जनवरी 2023 से टी-20 लीग शुरू होने वाली है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग (IPL) के मालिकों ने इस लीग की सभी टीमों को खरीद लिया है। ESPN की एक रिपोर्ट के अनुसार मुंबई इंडियंस के अंबानी परिवार, चेन्नई सुपर किंग्स के एन. श्रीनिवासन, दिल्ली कैपिटल के पार्थ जिंदल, सनराइजर्स हैदराबाद के मारन परिवार, लखनऊ सुपर जायंट्स के संजीव गोयनका और राजस्थान रॉयल्स के मनोज बडाले ने इस लीग में छह फ्रेंचाइजी खरीदी हैं।




### किसे मिली कौन सी टीम?

चेन्नई सुपर किंग्स ने अनौपचारिक नीलामी में सबसे ऊंची बोली लगाई है और उन्हें जोहान्सबर्ग फ्रेंचाइजी मिली है। मुंबई इंडियंस ने केपटाउन टीम, जबकि सन टीवी ग्रुप जो सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक हैं,को पोर्ट एलिजाबेथ फ्रेंचाइजी मिली है। लखनऊ के संजीव गोयनका ने डरबन की टीम को चुना है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स ने पार्ल टीम को खरीदा है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्रिटोरिया रहेगी। जल्द ही साउथ अफ्रीका बोर्ड नए मालिकों की औपचारिक घोषणा करेगा।

### ग्रीम स्मिथ होंगे इस लीग के कमिश्नर

साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ इस लीग के कमिश्नर होंगे। यह पहला मौका है जब एक क्रिकेटर ही किसी टी-20 फ्रेंचाइजी लीग को लीड करेगा। इस लीग को शुरू करने का आइडिया IPL के पूर्व चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुंदर रमन का है।

### मुंबई और चेन्नई ने लगाई सबसे बड़ी बोली

टूर्नामेंट की टीमें खरीदने के लिए बोली लगाने की समय सीमा शुरू में 11 जुलाई थी, जिसे बाद में 13 जुलाई तक बढ़ा दिया गया था। टीम के निवेशकों को उनकी सफल बोलियों के बारे में सूचित कर दिया गया है। मुंबई और चेन्नई ने सबसे बड़ी बोली लगाई है, जो 250 करोड़ रुपए के करीब है। IPL मॉडल की तरह प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 10 साल के लिए फ्रेंचाइजी शुल्क का 10 प्रतिशत का भुगतान करना होगा।

# पाकिस्तान के यासिर शाह की गेंद ने फैंस को याद दिलाई शेन वॉर्न की बॉल ऑफ द सेंचुरी



**नईदिल्ली** । पाकिस्तान के स्पिनर यासिर शाह की एक गेंद ने सोमवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कुसाल मेंडिस को अचंभे में डाल दिया. क्रिकेट फैंस ने इस गेंद की तुलना 1993 में ओल्ड ट्रैफर्ड में ऑस्ट्रेलियाई स्पिन जादूगर शेन वार्न की माइक गैटिंग को फेंकी गई 'बॉल ऑफ द सेंचुरी' से की. दिवंगत क्रिकेटर वॉर्न की 'बॉल ऑफ द सेंचुरी' बीसवीं सदी में फेंकी गई, वहीं पाकिस्तान के 36 साल के अनुभवी स्पिनर शाह ने अपनी अद्भुत लेग-स्पिन डिलीवरी से 21वीं सदी में भी कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है. शाह ने राइट हैंडर मेंडिस को 76 रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया. टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंका की दूसरी पारी के दौरान, शाह ने एक पूरी तरह से वार्न की गेंद की ही तरह डिलीवरी डासी, जो लेग स्टंप के बाहर अच्छी तरह से पिच हुई और अविश्वसनीय रूप से घूमने के बाद दाहिने हाथ के बल्लेबाज के ऑफ स्टंप के ऊपर से टकराई। मेंडिस 76 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## एक नजर

### बेन स्टोक्स ने की वनडे से संन्यास की घोषणा



**लंदन** । इंगलैंड के आलराउंडर और 2019 एकदिवसीय विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के हीरो बेन स्टोक्स ने सभी को हैरान करते हुए सोमवार को एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि तीनों प्रारूप में खेलना उनके लिए व्यावहारिक नहीं रह गया था। 31 वर्षीय खिलाड़ी आज मंगलवार को द. अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर अंतिम एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेलेंगे। स्टोक्स को 2019 विश्व कप फाइनल में उनके 'प्लेयर आफ द मैच प्रदर्शन के लिए याद किया जाएगा।

### राष्ट्रमंडल खेल 2022 से पहले कोरोना संक्रमित हुईं मेली केर



**वेलिंगटन** । न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी मेली केर कोरोना संक्रमित हो गई हैं और वर्तमान में अलगाव में है। रिपोर्ट के अनुसार केर का रैपिड एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आया है और टीम में फिर से शामिल होने से पहले उन्हें होटल में अलगाव की अवधि से गुजरना होगा। केर टीम में सकारात्मक परीक्षण वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि बाकी समूह कोई भी पॉजिटिव नहीं निकला है। हालांकि सभी का परीक्षण जारी रहेगा। जुलाई के अंत में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बर्मिंघम में स्थानांतरित होने से पहले, इंग्लैंड ए के खिलाफ दो अभ्यास मैचों सहित, मिलफील्ड स्कूल में व्हाइट फ़र्न्स का एक और सप्ताह का प्रशिक्षण है।

एमी सैटरथवेट और केटी मार्टिन के हालिया संन्यास और ली ताहुहू, फ्रेंकी मैके और लेह कास्पेरेक के टीम से बाहर होने के बाद बर्मिंघम में अगले महीने होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में चार अनकैप्ड खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। ओटागो स्पार्क्स के ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन, और ऑकलैंड हार्ट्स के विकेटकीपर इज़ी गेज़ टीम में नया चेहरा हैं, जबकि बायें हाथ के स्पिनर फ्रैन जोनास और वेलिंगटन ब्लेज़ की बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ अपने पहले दौरों की शुरुआत करेंगी।

**गोल्फ से खेल में वापसी कर सकती हैं एश्ले बार्टी**

# सगाई के बाद टेनिस छोड़ा, क्रिकेट की बेहतरीन प्लेयर-बच्चों के लिए लिख रहीं किताब

कुछ ही महीने पहले दुनिया की नंबर 1 टेनिस प्लेयर एश्ले बार्टी ने सिर्फ 25 साल की उम्र में टेनिस से संन्यास लेकर सबको चौका दिया था। बार्टी ने ये फैसला ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के 6 हफ्ते बाद ही लिया था। 44 साल बाद एश्ले बार्टी ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियन थीं। अब वे एक बार फिर मैदान पर वापसी करने वाली है, लेकिन इसबार टेनिस और क्रिकेट नहीं बल्कि अब वो ग्लोबल गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की तैयारी में हैं।




### गोल्फ में चैंपियनशिप जीतीं बार्टी

एश्ले बार्टी ने हाल ही में ब्रूकवाटर गोल्फ एंड कंट्री क्लब वुमंस क्लब चैंपियनशिप जीता है। दरअसल, 2020 में ब्रिस्बेन के पास ब्रूकवाटर गोल्फ क्लब महिला खिताब जीतकर और अप्रैल में संयुक्त राज्य अमेरिका में आइकॉन सीरीज प्रदर्शनी खेलने के कारण लोग कयास लगा रहे हैं कि हो सकता है कि बार्टी गोल्फ के साथ खेलों में वापसी कर सकती हैं। प्रतिभाशाली बार्टी एक प्रोफेशनल टेनिस खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक अच्छी क्रिकेटर भी रही हैं।

बार्टी ने इंस्टाग्राम पर लिखा आज का दिन मेरे लिए मुश्किल है क्योंकि मैं टेनिस से संन्यास की घोषणा कर रही हूं। मुझे इस खेल ने जो कुछ भी दिया है उसके लिए मैं आभारी हूं और गर्व महसूस कर रही हूं।

# सभी लोग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे तो पदक हर हाल में आएगा

बर्मिंघम में 28 जुलाई से कॉमनवेल्थ गेम्स शुरू हो रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी बुधवार को बर्मिंघम को रवाना होने वाले हैं। रवागनी से पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी ताकत से जी जान लगाकर बिना किसी प्रेशर के खेलने की सलाह दी।




PM मोदी ने सबसे पहले एथलीट अभिनाश सावले से बात करते हुए कोई नहीं है टक्कर में, कहां पड़े को चक्कर में जुमला कहा। उन्होंने महिला हॉकी टीम की सदस्य सलीमा टेट से उनके संघर्ष के बारे में बात की। पीएम ने कहा कि आप सभी ने टोक्यो ओलिंपिक में शानदार प्रदर्शन किया है मैं दोनों हॉकी टीमों को बधाई दूंगा। मस्ती से खेलिए... सभी लोग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे तो पदक हर हाल में आएगा। PM ने कहा कि आप लोग भारतीय खेलों के सबसे अहम दौर में हैं। आज आपके पास सुविधाएं भी हैं, देश में खेल का माहौल भी है। आपका प्रदर्शन भविष्य के खिलाड़ियों को प्रेरणा देगा। इसके बाद 322 सदस्यों वाला भारतीय दल बर्मिंघम के लिए रवाना हो जाएगा। दल में 215 खिलाड़ी, 107 स्टाफ सदस्य व कोच आदि शामिल रहेंगे। 101 खिलाड़ी एकल स्पर्धा में भाग लेंगे।

# कोतरा एवं कोड़ातराई आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश हेतु निकाली गई लॉटरी

## जिला शिक्षा कार्यालय के प्रतिनिधि एवं आत्मानंद समिति के सदस्य रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राज्य शासन के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरा विकासखंड व जिला रायगढ़ तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ातराई विकासखंड पुसौर का संचालन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रबंधन समिति जिला रायगढ़ को सौंपा गया था।



इन विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक छात्र छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। इसी तारतम्य में 20 जुलाई 2022 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कोड़ातराई में प्रवेश हेतु लॉटरी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ से प्रतिनिधि के रुप में जे.के.राठौर सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा रायगढ़ एवं राम निवास नागवंशी प्राचार्य सेजस खरसिया तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी से कुमारी मोनिका गुप्ता सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, जनप्रतिनिधि सुशील भोय अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर, श्री गोपी चौधरी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर, सविता खेमराज नायक जिला पंचायत सदस्य, पद्मलता चौहान सरपंच कोंडातराई, देव कुमार चौधरी विधायक प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक, पालकगण, शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति में कक्षा पहली से नवमीं तक के 50-50 सीटों के लिए लॉटरी की गई एवं कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के प्रवेश के लिए लॉटरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। कक्षा पहली से बारहवीं तक कुल 1684 आवेदन प्राप्त हुए थे। साथ ही के.जी.1 एवं के.जी.2 के बच्चों को ऑफलाइन फॉर्म द्वारा भर्ती की घोषणा की गई। वहीं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोतरा में आज कक्षा एक से कक्षा बारहवीं के लिए कुल 1508 प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से प्रत्येक कक्षा के लिए 50-50 छात्रों का चयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ सभी पालक गणों एवं गणमान्य नागरिकों के समक्ष लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। जिसमें रामलाल पटेल अध्यक्ष शाला विकास समिति, श्री लहरी सिद्धार्थ सदस्य शाला विकास समिति, राम कुमार पटेल सरपंच, गंगोत्री पटेल भूतपूर्व जनपद सदस्य, अजय पाल डनसेना डीडीसी तथा जिला शिक्षा अधिकारी के जिला प्रतिनिधि के रूप में दीप्ति अग्रवाल सहायक संचालक नोडल अधिकारी, आर.के.चौधरी प्राचार्य सेजस पुसौर और एवं संस्था के प्राचार्य जी.आर.नायक एवं संस्था के नोडल एस.आर.गुप्ता के समक्ष किया गया। जिसमें लॉटरी द्वारा कक्षा 1 से 9 वीं तक 50-50 छात्रों का चयन किया गया। कक्षा दसवीं एवं 11वीं व 12वीं हेतु लॉटरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस प्रकार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोड़ातराई में कुल 522 छात्र-छात्राओं तथा कोतरा में कुल 516 छात्र-छात्राओं को प्रवेश का लाभ मिला। प्रवेश हेतु आयोजित उक्त लॉटरी कार्यक्रम सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। प्रवेश पाकर बच्चों एवं पालकों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।

# शिक्षा की पथ पर हम है अग्रसर

## शिक्षा मिशन से शिक्षा पहुंचाएंगे घर घर - पायल (एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन)

बिलासपुर । शासकीय स्कूल नारियल कोठी दयालबंद में सामग्री वितरण का कार्यक्रम पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन ने स्कूल में समान वितरण जरूरत मंद बच्चो को बैग कॉपी पेंसिल कंपास रबड़ कट्टर पेन आदि सामग्री उपलब्ध करवाई और सभी बच्चो को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।



पायल ने बच्चो को बताया की आप को शिक्षा संबधी कोई सामग्री का अभाव न हो और अगर किसी बच्चे को कोई भी सामग्री का अभाव हो तो हमसे संपर्क कर सकता है हम हर सामग्री उपल्बध् करवाएंगे स्कूल के प्रधानाचार्य और टीचर ने भी हमारे इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया हमारा सहयोग करने की भी बात कही इस मौके पर श्रीमती रितु शैलेश पांडे, रामअवतार अग्रवाल जी, पार्षद उमेश चंद्र कुमार ,अध्यक्ष पायल लाठ, विकास विजय बजाज, विजय अग्रवाल, अनीता गणेश अग्रवाल, सचिन प्रयास एकेडमी, फाउंडर मेंबर चंचल सलूजा ने बताया स्कूल में बच्चों के लिए हाथ पैर धोने के लिए वाशबेसिन नहीं है ।उन्होंने तुरंत स्कूल में वाशबेसिन बनाने का आश्वासन दिया।

महाविद्यालयों में लगाये जाएंगे रक्त दान शिविर

# रेडक्रॉस समिति की बैठक में कलेक्टर की अध्यक्षता में लिए गए विभिन्न निर्णय



**बिलासपुर ।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में बिलासपुर के कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अगस्त के अंतिम सप्ताह से महाविद्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन रक्तदान शिविरों का आयोजन यूथ रेडक्रॉस के माध्यम से किया जाएगा। समिति की बैठक में जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के लिए चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर भी सहमति बनी। शिविर के माध्यम से जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी तथा महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी का गठन कर प्रत्येक विकासखण्ड में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब के माध्यम से एड्स से बचाव पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा तथा लोगों को रक्तदान के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

# यातायात पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों को दी समझाइश

**गरियाबंद ।** पुलिस अधिक्षक पुलिस अधिक्षक जेआर ठाकुरके निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर और एसडीओपी पुलिस पुष्पेंद्र नायक के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है ।जिसमे यातायात प्रभारी अजय सिंग के द्वारा जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर ग्राम पण्टोरा के समीप आज दो पहिया वाहन चालक स्टूडेंट, आम लोग के साथ महिला पुरूष शिक्षकों को उनका क्लास लिया गया ।जिसमे प्रभारी अजय सिंग द्वारा चालको के ऊपर सख्त होते हुए चालानी कार्यवाही करने की बात कहे, लेकिन उन दो पहिया चालको में स्टूडेंट भी शामिल थे जिन्होंने यातायात नियमो को अनदेखा करने की अंतिम चेतावनी मानकर आगे से नियमो का पालन करने की शपथ लिए ।इस क्लास में यातायात प्रभारी श्री सिंग ने कहा कि वर्तमान समय मे सड़को के चौड़ीकरण होने से दुर्घटनाएं बढ़ गया है ,जिसमे अपनी सुरक्षा के लिए हमे हेलमेट लगाना अनिवार्य है ,क्योंकि हम वाहन चलाते वक्त तो सतर्क रहते हूं लेकिन सामने से आ रहे वाहन ही हमे टक्कर मार दे ऐसी स्थिति में हमे सुरक्षा कवच के रूप में हेलमेट ही काम आता है ,क्योंकि सर में चोट लगना ही ज्यादा गम्भीर होता है और हम हेलमेट लगाए रहेंगे तक काफी सुरक्षित होंगे ।इसके साथ ही शराब पीकर हमे वाहन नही चलना चाहिए ताकि हम और दूसरे दोनो सुरक्षित रहे ,इसके साथ ही सीमित गति वाहनों का चलाना वाहन सम्बन्धी दस्तावेज रखें और बिना लाइसेंस के साथ तीन सवारी मोटरसाइकिल चलाने से तो बचे ।साथ ही प्रभारी के द्वारा कहा गया कि पुलिस का उद्देध्य आम लोगो को परेशान करना नही है बल्कि उनकी सुरक्षा हमारा दायित्व है।

# प्लांट के बाहर दूसरे दिन भी छात्रों का हल्लाबोल

## बस चालू करवाने की मांग पर अड़े, गार्ड्स से हुआ विवाद; कोरोना काल से बंद है सुविधा

**कोरबा।** कोरबा जिले में स्कूली छात्रों का लैंको प्लांट के बाहर दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। इनकी मांग है कि इनके स्कूल जाने के लिए प्लांट स्कूल बस चालू करे। बच्चों ने साफ कह दिया है कि इनकी मांगों को जब तक सुना नहीं जाता तब तक इस तरह से प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान बच्चों का प्लांट के गार्ड्स से विवाद भी हो गया है। मौके पर भारी पुलिस बल को भी तैनात किया गया है।



उरगा इलाके में लैंको पावर प्लांट है। यहां मंगलवार को आस-पास के गांव के स्कूली छात्र सुबह 10 बजे से पहुंच गए थे। इसके बाद इन्होंने यहां हंगामा कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। खबर मिलने पर प्लांट प्रबंधन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चों को काफी समझाया गया। मगर वह नहीं माने। कोरोना काल से स्कूल बस सेवाएं बंद हैं, तब से शुरू नहीं हो सकी है। जिसका विरोध बच्चे कर रहे हैं। बुधवार को भी इनका प्रदर्शन जारी है।

बच्चों का कहना है कि हम अपने गांव से स्कूल जाते हैं। हमारे गांव से स्कूल काफी दूर है। कोरोनाकाल के बाद से प्लांट ने स्कूल बंद कर दिया है। ये ठीक नहीं है। हमने कई बार मांग की, लेकिन हमारी बातों को सुना नहीं गया है। ऐसे में हमें प्रदर्शन करना पड़ा। दरअसल, ये बच्चे आस-पास के ताड़ी,ढनढनी और खोड्?डल के रहने वाले हैं, जो इन गांवों से कई किलोमीटर दूर स्कूल आते हैं। बरसात के दिन में फिर से इनके सामने समस्या खड़ी हो गई है। जिसके चलते अब ये सड़क उतर गए हैं। प्रदर्शन करन वालों में ज्यादातर बच्चे प्लांट के भूविस्थापित लोगों के बच्चे हैं। जिनके लिए पहले प्लांट ने बस सुविधा शुरू की थी।

छात्रों ने मंगलवार पूरे दिन प्रदर्शन किया था। इसके बाद अगले दिन बुधवार सुबह भी वह प्लांट के गेट के सामने धरने पर बैठ गए। बुधवार को भी अधिकारियों ने उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने और अब भी प्रदर्शन जारी है। इस बीच प्लांट की तरफ से गार्ड्स भी उन्हें गेट से हटाने गए थे। इस दौरान छात्रों का गार्ड्स से ही विवाद हो गया। छात्रों ने गेट को बंद कर रखा है। जिससे प्लांट के अंदर से बड़ी गाड़ियां नहीं जा पा रही हैं। वहीं प्लांट के अंदर बने कॉलोनियों के लोग भी बाहर नहीं जा पा रहे हैं।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्व

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फहरेगा हर घर झंडा



**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आगामी 15 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने हेतु तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे गये। कलेक्टर ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर गुरुकुल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके साथ ही राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण गरिमा के साथ सभी शासकीय भवनों-कार्यालयों तथा हर घर झंडा फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शासकीय भवनों पर रोशनी भी की जाएगी। कलेक्टर ने गुरुकुल परिसर में मुख्य समारोह के लिए मैदान की साफ-सफाई, टेंट, कुर्सी, माइक, बैरीकेट, पेयजल व्यवस्था के साथ ही आमंत्रण पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा नक्सली घटना में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित करने सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलेसेला, वनमंडलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर.के. खूंटे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### महिलाओं को मिलेगा गर्म भोजन के साथ गुड़, बच्चों को अंडे और केले

**हरेली पर्व के अवसर पर 28 को स्कूलों में होगी गेड़ी नृत्य प्रतियोगिता**

**कोरबा ।** कोरबा जिले में गर्भवती महिलाओं में खून की कमी तथा बच्चों में कुपोषण की दर को कम करने के लिए 20 जुलाई से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ किया जाएगा। कलेक्टर झा के मार्गदर्शन में कोरबा जिले को सुपोषित कोरबा बनाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाया गया है। अभियान के तहत कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर पौष्टिक आहार दिया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के आंगनबाडी केन्द्रो में दर्ज एक से पांच वर्ष के मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों को प्रबल सुपोषित कार्यक्रम अंतर्गत पूरक पोषण आहार के रूप में प्रतिदिन गर्म पका भोजन, 10 ग्राम गुड़ एवं प्रति बुधवार को अण्डा दिया जाएगा। अण्डा नही खाने वाले शाकाहारी बच्चों को केला प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही जिले की आंगनबाडी केन्द्रों में दर्ज गर्भवती महिलाओं को सुपोषित कोरबा कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन गर्म पका भोजन के साथ 20 ग्राम गुड़ प्रदान किया जाएगा।

### यूडीटी के पहले प्रधान पाठक की पदोन्नत करने की मांग

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ शिक्षक महाफेडरेशन के अध्यक्ष राजेश पाल ने कहा है कि लंबे अंतराल के पश्चात न्यायालय द्वारा रोक के बीच शिक्षा विभाग में पदोन्नति को लेकर जिला व संभाग स्तर पर तैयारी चालू हो गई जो तारीफके काबिल है और तत्परता के लिए संगठन अधिकारियों का आभारी है। मगर इसी बीच संभाग स्तर में बने समेकित वरिष्ठता सूची में ढेरों त्रुटियां है। संभाग के विभिन्न जिलों से छत्तीसगढ़ शिक्षक महाफैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में आई है। तत्संबंध में प्रदेश अध्यक्ष राजेश पाल की अगुवाई में दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक पी के पांडेय से बात कर पदोन्नति के सभी समस्या को अवगत कराया था और उक्ताशय आज 19 जुलाई को पांडेय जी से सौजन्य मुलाकात कर तत्संबंध में ज्ञापन सौंपकर गलत तरीके से बने वरिष्ठता सूची का विरोध दर्ज किया और मामले को न्यायलय का फैसला आने के पहले दुरुस्त करने की मांग की जिसपर संयुक्त संचालक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों से बात करने की बात कही।

### प्रभारी मंत्री भगत ने किया कन्या आश्रम का निरीक्षण

**गरियाबंद ।** जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने विगत 19 जुलाई को गरियाबंद जिले के प्रवास के दौरान जनपद पंचायत गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम बारूका में स्थित आदिवासी कन्या आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहायक आयुक्त से आश्रम के बालिकाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। आश्रम की बालिकाओं ने मंत्री का स्वागत राज्य गीत ''अरपा पैरी के धार'' गाकर किये। इससे प्रभावित होकर प्रभारी मंत्री ने आश्रम की बालिकाओं को पुरस्कृत किया।

सचिन का छत्तीसगढ़ 23 टीम में चयन

# शानदार प्रदर्शन से राज्य टीम में बनी जगह खुशी की लहर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला क्रिकेट संघ के युवा खिलाड़ी सचिन चौहान का चयन छत्तीसगढ़ की अंडर 23 टीम में हो गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पिछले माह छत्तीसगढ़ के श्रेष्ठ 8 टीमों के बीच एलीट टूर्नामेंट आयोजित किया गया था जिसमें सचिन चौहान के द्वारा गेंद एवं बल्ले दोनों से ही शानदार प्रदर्शन किया गया था।




5 मैचों में सचिन ने दो बार पांच-पांच विकेट लेते हुए कुल 17 विकेट लेकर धूम मचा दी थी। बल्ले से भी सचिन ने टीम को कई बार हार से बचाया। यही कारण है कि सचिन का चयन छत्तीसगढ़ राज्य की अंडर 23 टीम में किया गया है। जल्द ही यह टीम दूसरे राज्यों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर मैच खेलेगी। जिसमें रायगढ़ के सचिन चौहान भी शामिल रहेंगे। सचिन के चयन पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, सचिव रामचन्द्र शर्मा, जफर उल्लाह सिद्धिकी, किशोर पटनायक, वरिष्ठ एम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, रवि सिंह, शानू भयानी, अमित कुंवर आदि ने खुशी जाहिर करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

# डायरिया प्रभावित गांवों में कलेक्टर साहू के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग लगा रहा है कैम्प

## मरीजों को जांच के साथ उपचार के लिए दी जा रही दवाएं

रायगढ़। बारिश के मौसम के चलते जिले के कुछ जगहों से डायरिया के केसेस बढ़ने की बातें सामने आयी थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने इन प्रभावित ग्रामों में हेल्थ कैम्प लगाकर मरीजों की जांच व उपचार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है।



इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बटाऊपाली-अ में 8 जुलाई से उल्टी दस्त की शिकायत प्राप्त होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 5 केस इलाज हेतु भर्ती होने के उपरांत ग्राम में सेक्टर प्रभारी चिकित्सा उनके काम्बेट टीम द्वारा घर-घर जाकर भ्रमण किया गया तथा क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया। सर्वे के दौरान उल्टी दस्त के मरीजों को दवा के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है। 18 जुलाई 2022 को कुल 9 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती है तथा वर्तमान में 6 मरीज पीएचसी

**गांवों में लोगों को जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए किया जा रहा जागरूक**

कोसीर में भर्ती है, जिनका इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि गांव में सर्वे के पश्चात प्रभावित परिवारों में ओआरएस के पैकेट, क्लोरीन टेबलेट, मेट्रोनलजोल टेबलेट वितरित किए गए है। ग्राम में भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर लगातार इलाज किया जा रहा है, ग्राम की स्थिति पूर्ण से नियंत्रण में है। साथ ही धुमाभाठा, सुलोनी, बोहारडीह, बेंगची में भी कैम्प लगाया गया है।

जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए है, ताकि निरंतर सूचना एवं जानकारी मिल सके। जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में ओआरटी कार्नर स्थापित है तथा मौसमी बीमारियों से नियंत्रण पाने हेतु औषधियों का भंडारण कर लिया गया है। मौसमी बीमारियों से बचने हेतु जन जागरण की दृष्टि से जल जनित रोगों के प्रकोप से बचने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिक्षा के अंतर्गत लोगों को बासी भोजन, सड़े, गले फल उपयोग में न लाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।



# हरेली तिहार 28 जुलाई से बनोरा व सूपा गौठान से होगी जिले में गौ-मूत्र खरीदी की शुरूआत

## कलेक्टर रानू साहू ने सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



**राज्य में पशुपालकों की आय और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक और पहल**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य के गौठानों में 28 जुलाई हरेली तिहार से गौ-मूत्र की खरीदी की शुरूआत होगी। प्रथम चरण में प्रत्येक जिले के दो चयनित स्वावलंबी गौठानों में गौ-मूत्र की खरीदी की जाएगी। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में गौ-मूत्र क्रय के लिए न्यूनतम राशि 4 रूपए प्रति लीटर प्रस्तावित की गई है। क्रय गौ-मूत्र से महिला स्व-सहायता समूह की मदद से जीवामृत एवं कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाएंगे। चयनित समूहों को पशु चिकित्सा विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से विधिवत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कलेक्टर रानू साहू ने जिले में गौ-मूत्र खरीदी के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए है। उप संचालक पशुपालन पाण्डेय ने बताया कि शुरूआत में रायगढ़ जिले में गौ-मूत्र खरीदी के लिए विकासखण्ड रायगढ़ के बनोरा एवं विकासखण्ड पुसौर के सुपा गौठान का चयन किया गया है। इन गौठान में गौ-मूत्र खरीदी संबंध में सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। गौ-मूत्र खरीदी के लिए समूह का चयन कर गौ-मूत्र खरीदी व टेस्टिंग संबंधी सभी प्रकार की ट्रेनिंग दी गई है। जिससे समूह को गौ-मूत्र खरीदी में परेशानी न हो। पशुपालन विभाग द्वारा गौ-मूत्र टेस्ट के लिए पीएच मीटर तथा यूरिनो मीटर प्रदाय किया गया है। इन दोनों चयनित गौठानों में 400 से अधिक पशुओं की संख्या है। लिहाजा इसका लाभ समूह के साथ पशुपालकों को मिलेगा। हार्टीकल्चर विभाग द्वारा गौ-मूत्र के उत्पादों के निर्माण के लिए नीम, करंज, सीताफल जैसे आवश्यक पौधारोपण किया गया है। जिससे गौ-मूत्र उत्पाद का निर्माण किया जा सके। गौ-मूत्र से कीटनाशक और जीवामृत का निर्माण किया जाएगा। इसमें कीटनाशक नाम के अनुरूप कीट नष्ट करने व जीवामृत का उपयोग फसल के ग्रोथ बढ़ाने के लिए किया जायेगा।



गौरतलब है कि दो साल पहले 20 जुलाई 2020 को राज्य में हरेली पर्व के दिन से ही गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर की खरीदी की शुरूआत हुई थी। गोबर से गौठानों में अब तक 20 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर प्लस कम्पोस्ट महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित किए जा चुके हैं, जिसके चलते राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है। गौ-मूत्र की खरीदी राज्य में जैविक खेती के प्रयासों को और आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। इसी को ध्यान में रखकर राज्य में गौ-मूत्र की खरीदी शुरू की जा रही है। इससे पशुपालकों को गौ-मूत्र बेचने से जहां एक ओर अतिरिक्त आय होगी, वहीं दूसरी ओर महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से जीवामृत, गौ-मूत्र की कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाने से समूहों को रोजगार और आय का एक और जरिया मिलेगा। जीवामृत और गौ-मूत्र की कीट नियंत्रक उत्पाद का उपयोग किसान भाई रासायनिक कीटनाशक के बदले कर सकेंगे, जिससे कृषि में कास्ट लागत कम होगी। खाद्यान्न की विषाक्तता में कमी आएगी। गोधन न्याय योजना राज्य के ग्रामीण अंचल में बेहद लोकप्रिय योजना साबित हुई है। इस योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों से लगभग दो सालों में 150 करोड़ से अधिक की गोबर खरीदी की गई है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण पशुपालकों को मिला है। क्रय गोबर से वर्मी खाद का निर्माण एवं विक्रय से महिला स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों को 143 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# हाईकोर्ट के आदेश के तहत उद्योगों को बिजली प्रदान करने कलेक्टर साहू ने जिंदल प्रबंधन को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रायगढ़ इस्पात उद्योग संघ और जिंदल प्रबंधन की बैठक ली। इस दौरान इस्पात संघ के पदाधिकारियों ने अपनी बात रखते हुए बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के पश्चात भी जिंदल द्वारा उद्योगों को पर्याप्त बिजली बिजली प्रदान नहीं कर रहा है। जिस पर कलेक्टर साहू ने जिंदल को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अनुबंधों तहत सभी इस्पात उद्योगों को विद्युत प्रदाय किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हाईकोर्ट द्वारा भी आदेश जारी किए जा चुके है। जिसके पश्चात भी सभी उद्योगों को बिजली प्रदान नहीं किया जाना माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना है। अत: जिंदल प्रबंधन तत्काल अनुबंधों के तहत उद्योगों को बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान इस्पात उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर साहू को बिजली कमी से होने वाली समस्या से अवगत करवाया तथा उत्पादन पर पड़ रहे असर की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर साहू ने जिंदल प्रबंधन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि तत्काल उद्योगों को बिजली उपलब्ध करवायें। इस दौरान एसडीएम घरघोड़ा डिगेश पटेल, उप संचालक खनिज बी.के.चंद्राकर, सीजीएम उद्योग शिव कुमार राठौर सहित उद्योगों व जिंदल प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डोर-टू डोर-कचरा कलेक्शन, सड़कों नालियों की सफाई, यात्री प्रतिक्षालय, रैन बसेरा, में साफ-सफाई का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले के नगर पालिका जशपुर सहित सभी नगर पंचायत के सीएमओ द्वारा अपने नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डो का निरीक्षण, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सड़कों-नालियों की सफ ाई बस स्टैण्ड, यात्री प्रतिक्षालय, रैन बसेरा, आश्रय स्थल में की जा रही साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत नगर पालिका जशपुर के दिव्यांग जन प्रशिक्षण केन्द्र की सफ ाई, आवारा मवेशियों को कांजीहाउस ले जाने की कार्यवाही के साथ ही बाला साहब देशपांडे पार्क में विद्युत व्यवस्था हेतु पोल स्थापित सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार सीएमओ नगर पंचायत कोतबा द्वारा पर्यटन स्थल सतीघाट की साफ-सफ ाई करा वहां विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सभी सीएमओ द्वारा नगरीय क्षेत्र के गौठानों का भी अवलोकन कर वहां नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं खाद निर्माण में तेजी लाने एवं अन्य निर्माण कार्यो का अवलोकन कर जल्द से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



# कलेक्टर, एसपी ने किया डोंडे एवं सावेर गौठान का निरीक्षण

### गोबर खरीदी बढ़ाने के निर्देश

**कांकेर** । जिले के कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला और पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने आज पखांजूर तहसील के डोंडे गौठन एवं सावेर गौठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर वहाँ गोबर की खरीदी, वर्मीकम्पोस्ट का निर्माण एवं विक्रय तथा अन्य आर्थिक गतिविधियों के संचालन की जानकारी ली। गांव के सभी पशुओं को गौठान में लाना सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम सावेर के गौठान में उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। स्व-सहायता समूह के सदस्य रूखमणी उसेंडी ने जानकारी लेते हुए बताया कि गौठान में वर्मीकम्पोस्ट निर्माण के अलावा सब्जी-भाजी की खेती भी की जा रही है, कलेक्टर ने उन्हें और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मण्डलाधिकारी शशिगानंदन, एसडीएम पखांजूर ए.एस पैकरा, तहसीलदार शशि शेखर मिश्रा, जनपद सीईओ आशीष डे भी उपस्थित थे।

# विभिन्न जनजातीय समुदायों के जिला स्तरीय पारंपरिक खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

### सन्ना में 23 जुलाई 2022 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कौशल दिखाने का मिलेगा अवसर**

विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त 2022 के अवसर पर विभिन्न जनजातिय समुदायों और विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के पारंपरिक खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन विकास खण्ड बगीचा के अंतर्गत ग्राम सन्ना में किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास कार्यालय जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न जनजातिय समुदायों और विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के पारंपरिक खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता तीरंदाजी, गुलेल, कबड्डी, फुगड़ी, सुई धागा, रस्सा कस्सी, बोरा दौड़, मटका दौड़, भौंरा दौड़, गेड़ी दौड़, तीन टंगरी दौड़, भारा, पिट्ठुल, गिल्ली.डंडा का आयोजन 23 जुलाई 2022 को किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते है। जिसके अंतर्गत 06 से 10 वर्ष, 10 से 14 वर्ष, 14 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। इस आयोजन हेतु जिला स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षित खेल अनुदेशको की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय विशेष कर जिले में निवासरत श्पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के प्रतिभागियों की टीमें तैयार कर ली गई है। इन पारंपरिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों से जिला स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा और उन्हें 06 अगस्त से 09 अगस्त 2022 तक रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने कौशल प्रदर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

## एक नजर

### पुरैना के पंचायत सचिव निर्मल सिंह कंवर निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत पुरैना के पंचायत सचिव निर्मल सिंह कंवर को भारतीय दण्ड विधान संहिता के तहत पुलिस चौकी जोबी, थाना-खरसिया में आरोप पंजीबद्ध होने के कारण पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने तथा न्यायिक हिरासत में लिए जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 31 जुलाई के पूर्व ई-केवायसी करवाएं पूर्ण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत योजना के समस्त लाभार्थी जो पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे है उन्हें ई-केवायसी सत्यापन किया जाना है। ई-केवायसी सत्यापन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 है। उक्त तिथि तक ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले किसानों को अगली किस्त का पैसा नहीं मिलेगा। किसान दो तरीके से पीएम किसान योजना के लिए ई-केवायसी कार्य कर सकते है। पहला किसान अपने नजदीकी कामन सर्विस सेंटर (लोक सेवा केन्द्र)पर जाकर अपना ई-केवायसी करवा सकते है। दूसरा ई-केवायसी प्रक्रिया घर बैठे ऑनलाईन पीएम किसान की वेबसाईट https://fw.pmkisan.gov.in के माध्यम से पूरी की जा सकती है। इसके लिए हितग्राही के आधार कार्ड में उसका मोबाइल नंबर लिंक होना चाहिए। लिंक होने के बाद हितग्राही कम्प्यूटर, लैपटॉप अथवा मोबाइल से ओटीपी के जरिए ई-केवायसी घर बैठे पूरी कर सकते है। सत्यापन कार्य होने के पश्चात ही योजना के अगले किस्त की राशि कृषकों को प्राप्त होगी। वर्तमान में रायगढ़ जिले में अभी भी 67 हजार 512 कृषक द्वारा ई-केवायसी कार्य नहीं कराया गया है। जिले के ऐसे कृषक 31 जुलाई 2022 के पूर्व योजना का लाभ से वंचित होने से बचने के लिए अपना ई-केवायसी कार्य पूर्ण करायें।

### कोविड संक्रमण के बीच चक्रधर समारोह आयोजन के लिए कलेक्टर रानू साहू ने गठित की संयुक्त कमेटी

कमेटी समारोह आयोजन पर देगी रिपोर्ट, जिसे अभिमत के लिए भेजा जाएगा शासन को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू ने जिले में बढ़ते कोविड संक्रमण को देखते हुए चक्रधर समारोह आयोजन पर निर्णय के संबंध में सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयुक्त नगर निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ तथा डीन मेडिकल कालेज की एक चार सदस्यीय संयुक्त कमेटी गठित की है। यह कमेटी जिले में कोविड संक्रमण की स्थिति व पॉजिटिव केसेस, आगे संक्रमण प्रसार की संभावनाओं के आधार पर आयोजन के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिसे अभिमत के लिए शासन को भेजा जाएगा।

#### जुलाई माह में तेजी से बढ़ रहा संक्रमण

जुलाई माह में रायगढ़ जिले में संक्रमण में तेजी से वृद्धि देखने को मिली है। 01 जुलाई को जहां जिले में कोई कोविड पॉजिटिव नहीं मिला था और 17 सक्रिय केसेसे थे, वहीं 19 जुलाई को 16 पॉजिटिव पाये गये व सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 153 हो चुकी है। इस दौरान जिले में पॉजीटिविटी रेट भी बढ़कर 2.6 प्रतिशत हो चुका है।

### 50 हजार रुपये के गांजा के साथ एक आरोपी पकड़ाया

**गरियाबंद** ।जिले में अवैध गांजा शराब जुआ और अन्य अपराधों के रोकथाम के लिए गरियाबन्द पुलिस अधिक्षक जेआर ठाकुरके निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर और एसडीओपी पुलिस पुष्पेंद्र नायक के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है , जिसमे पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही भी किया जा रहा है ।उसी कार्यवाही के तहत बुधवार के दोपहर में ओडिसा निवासी आरोपी को 50 हजार रुपये के गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया ।घटना के विषय मे सिटीकोतवाली मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद सिटीकोटवाली प्रभारी गौतम चन्द्र गावड़े को मुखबिर से सूचना मिला की एक ब्यक्ति ओडिसा से मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 03 ए 1912 स्पलेंडर डीलक्स में अवैध रूप से गांजा ला रहा है । इस सूचना के आधार पे पुलिस टीम द्वारा गरियाबंद वन विभाग के पुराना नाका के पास सूचना के आधार पे उक्त क्रमांक के मोटरसाइकिल को रोककर जांच किया गया जहां उसके मोटरसाइकिल के सीट के निचे में पांच किलो ग्राम गांजा को रखा हुआ था , वही उस मादक पदार्थ का उसके पास कोई वैध कागजात न होने के चलते 38 वर्षीय आरोपी सुखदेव तांडी ,पिता बीसेलाल, निवासी चौटियां,थाना बांगो मुंड़ा,ओड़िया,को गिरफ्तार करते हुए एनडीपीएस एक्ट 20 ख की कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।इस कार्यवाही में राजेश मिश्रा ,डिगेश साहू , कुबेर बंजारे,मनीष वर्मा,मुरारी यादव शिवलाल तिर्की,योगेश ठाकुर , मनीष चेलकर शामिल थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने तंबाकू नियंत्रण एवं कोटपा एक्ट का पालन के सम्बंध में जिला स्तरीय समन्वय समिति की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव ने विगत दिवस कलेक्टर सभाकक्ष में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं कोटपा एक्ट के पालन के सम्बंध में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, साइकोलॉजिस्ट समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ ने तम्बाकू नियंत्रण व रोकथाम एवं कोटपा एक्ट का गंभीरता से पालन कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए है। इस हेतु सभी विकासखण्डों में समन्वय समिति का गठन एवं कार्यक्रम के सफ ल संचालन में विभाग की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर चलानी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सीईओ यादव ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा तम्बाकू का क्रय.विक्रय प्रतिबंधित है साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू एवं उसके उत्पाद का विक्रय पूरी तरह निषेध है। उन्होंने जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे वाले जगहों में येलो लाइन से चिन्हांकित परिसर के आस पास या भीतर तम्बाकू एवं उसके उत्पाद का उपयोग, क्रय-विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित करने की बात कही। साथ ही उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार जुर्माना करने के लिए निर्देश दिए है। सीईओ ने तंबाकू सेवन पर नियंत्रण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए है।

# व्यवस्थापन को लेकर प्रशासन पर भेदभाव के लगे आरोप, किसान नेता ने आंदोलन की दी चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेरला नगर पंचायत क्षेत्र में व्यवस्थापन को लेकर प्रशासन पर भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। व्यवस्थापन को लेकर नगर पंचायत की ओर से सर्वे रिपोर्ट रेवेन्यू विभाग को सौंपी है जबकि यहां 15 अतिक्रमण कारियों के द्वारा व्यवस्थापन को लेकर राजस्व विभाग में आवेदन किया गया है। प्रशासन के इस भेदभाव पूर्ण रवैया से लोगों में खासी नाराजगी है इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि व्यवस्थापन नहीं किए जाने को लेकर कई फ ुटकर व्यापारियों की शिकायत मिली है। गौरतलब हो कि बेरला नगर पंचायत क्षेत्र में 200 से अधिक लोग फुटपाथ पर व्यापार करते हैं। ऐसे लोगों के द्वारा लंबे समय से व्यवस्थापन की मांग की जा रही है। लेकिन इनकी मांग को दरकिनार कर सिर्फ 15 लोगों के आवेदन स्वीकार किए जाने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### भेदभाव पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि इन 15 लोगों के व्यवस्थापन से किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन बचे हुए दुकानदारों का भी व्यवस्थापन जरूरी है। व्यापारियों ने अपनी परेशानी से अधिकारियों को अवगत कराया है। बावजूद भेदभाव पूर्ण कार्रवाई होने की स्थिति में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



### कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात ही होगा व्यवस्थापन

बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि व्यवस्थापन को लेकर नगर पंचायत की ओर से सर्वे रिपोर्ट राजस्व विभाग को सौंपी जाएगी। उस सर्वे रिपोर्ट को राजस्व विभाग के द्वारा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को भेजा जाएगा। वहां से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के तहत सूची तैयार कर फि र से राजस्व विभाग भेजी जाएगी। जिसे अनुमोदन के लिए बेमेतरा कलेक्टर को भेजा जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात ही व्यवस्थापन किया जाएगा।

### इन 15 लोगों ने व्यवस्थापन के लिए किया है आवेदन

बेरला नगर पंचायत में व्यवस्थापन के लिए शनिकुमार पिता किशनलाल साहू, ममता सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी, जगत राम साहू पिता अंकालू राम, राजेश देवांगन पिता खेदुराम, राजेश कुमार चतुर्वेदी पिता जुगरुराम चतुर्वेदी, अभिषेक सिन्हा पिता विजय कुमार सिन्हा, भारत भूषण पिता धनराम साहू, सुशील कुमार शर्मा पिता रामाधार शर्मा, जयप्नकाश बघेल पिता धरम बघेल, अनिल कुमार पिता शंकर सेन, महावीर वैष्णव पिता गोपाल, कन्हैया सोनी पिता लक्ष्मीप्रसाद सोनी, कुमार धर सिन्हा पिता पूरनलाल सिन्हा, हुलेश यादव पिता पुनीतराम, राजू देवांगन पिता तुलाराम देवांगन।

# भारतीय जनता यूवा मोर्चा प्रदेश के अव्हान पर बागबहार विधानसभा स्तरीय तहसील कार्यालय का घेराव किया

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

**भारतीय जनता यूवा मोर्चा प्रदेश के अहावन पर पत्थलगांव विधानसभा के बागबहार में विधानसभा स्तरीय तहसील कार्यलय का घेराव किया गया।**



जिसमें सैकड़ों यूवाओं ने भाग लिया इस तहसील घेराव का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस पार्टी के द्वारा सरकार बनने पर यूवाओ को 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता जो देने का वादा किया गया था उसे पूरा नहीं करने के विरोध में साथ ही पुरे छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने पोस्टर के माध्यम से झूठ फैलाया गया की हमने पांच लाख यूवाओं को नौकरी दी है। जब की विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद माना की हमने अभी तक सिर्फ बाईस हाजार नौकरियां दी है। इन्ही सब मुख्य मुद्दों को लेकर भूपेश बघेल की निकम्मी सरकार के खिलाप महा माहिम राज्यपाल को बागबाहर तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा जिलाअध्यक्ष रोहित साय पूर्व विधायक शिव संकर साय पैंकरा, प्रदेश मंत्री जीतेन्द्र देवांगन, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अमन प्रताप, यूवा मोर्चा जिला प्रभारी सिद्धार्थ शुक्ला, जिला महा मंत्री सुनील गुप्ता, यूवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सौर्य प्रताप, प्रदेश सदस्य यश प्रताप सिंह जूदेव, वरिष्ठ नेता डॉ. बी. एल. भगत शालिक साय सुरेंद्र बेसरा, मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र जायसवाल, अजय गुप्ता, गौतम यादव, सुभास गुप्ता, साथ ही भाजपा के वरिस्ट नेता आनंद शर्मा चन्द्रचूर बंजारा, अनूप गुप्ता साथ ही सैकड़ों यूवा मोर्चा के कार्य कर्ता मौजूद थे। साथ ही यूवा मोर्चा की पुरे जिले की टीम मौजूद थी।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

# फेडरेशन के बैनर तले सभी कर्मचारी-अधिकारी हुए लामबंद



जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

इस महीने के अंतिम सप्ताह में सरकारी कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहेगा । अपनी मांगे पूरी नहीं होने के चलते सभी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी फिर से हड़ताल पर जाने की तैयारी में है । आज जनपद परिसर लैलूंगा में संपन्न छत्तीसगढ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की बैठक में 25 से 29 जुलाई तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है । हड़ताल में ब्लॉक मुख्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेतृत्व में सभी संगठनों से जुड़े कर्मचारी अधिकारियों की लैलूंगा ब्लॉक मुख्यालय में बैठक संपन्न हुई । मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने और आंदोलन के जरिए मंहगाई भत्ता और अन्य मांगो को पूरा करने की मांग की गई । इसके पहले भी कई बार धरना प्रदर्शन और ज्ञापन रैली कर चुके हैं । लेकिन कोई पहल नहीं होने से अधिकारियों और कर्मचारियों ने 29 जून को शक्ति प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय हड़ताल भी की थी । लेकिन राज्य सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई । जिसके कारण कर्मचारियों और अधिकारियों में काफी रोस है। आज की बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के संरक्षक प्रदीप साहू, संयोजक अवधेश पटेल ने की । फेडरेशन से उपाध्यक्ष सुमन साय नंदकुमार साय, सचिव पंकज पटनायक, सत्यप्रकाश बेहरा, कोषाध्यक्ष टीकाराम नायक एम साव, महासचिव अरविन्द राजपूत, ने बैठक का नेतृत्व किया ।

जिसमें आगामी 25 जुलाई से 29 जुलाई तक पाँच दिवसीय आंदोलन की रुपरेखा की समीक्षा की गई।जिसमें केंद्र के समान 34त्न महंगाई भत्ता और पुनरक्षित गृह भाड़ा भत्ता की दो सूत्रीय मांग को लेकर यह निश्चितकालीन पांच दिवसीय आंदोलन किया जा रहा है ।इसकी समीक्षा आज फ़ेडरेशन के द्वारा की गई, जिसमें तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से परमानंद बंजारे, अजाक्स संघ से बलराम सिदार, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ से डॉ. एल. के. विश्वाल, कृषि स्नातक संघ से शांतनु साय, सेत राम पैंकरा, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ से पुष्कर पैंकरा, लिपिक संघ से शिंदे संयुक्त शिक्षक संघ से सुरेंद्र पटनायक, शैलेश बेहरा, राधेश्याम बेहरा, सहायक शिक्षक फेडरेशन से श्यामलाल भगत, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से यशपाल भगत, टीचर एसोसिएशन से बी. एस. पोर्ते, पटवारी संघ से आनंद खेस, सचिव संघ से संगल साय के साथ सभी कर्मचारी अधिकारी संगठन ने बैठक कर आंदोलन को सफल बनाने हेतु एकजुटता का परिचय दिया ।

# प्रफुल्ल झा के ऊपर सरकंडा थाने में 420 का मामला दर्ज, जमीन के नाम पर की धोखाधड़ी?

## बिलासपुर में जमीन का खेल जोरो पर चल रहा भोले भाले लोगो को फंसा कर पैसा लिया जाता है उसके बाद न तो जमीन देते है और न ही पैसा।

**बिलासपुर** । जमीन के नाम पर धोखधड़ी बिलासपुर में इस समय कुछ ज्यादा बढ़ गई है ऐसा ही एक मामले में सरकंडा पुलिसने आज एक 420 का मामला दर्ज किया है ,प्रतिभा सोनी पति मोहनलाल सोनी उम्र 43 वर्ष निवासी कपिलनगर सरकण्डा जिला बिलासपुर की निवासनी हूं जो मैं प्रफुल्ल झा पिता आर. एन. झा उम्र 42 वर्श निवासी भारतीय नगर थाना सिविल लाईन से ख.नं. 207/3 कुल रकबा 60 डिसमिल में से 1378 वर्गफीट भूमि जो वर्तमान में प्रतिभा मिश्रा पति स्व श्री दिवांत मिश्रा निवासी चंदेलानगर रिंगरोड 02 के मौजा चांटीडीह पटवारी हल्का नं 33 के 1378 वर्गफीट जमीन को प्रफुल्ल झा के द्वारा स्वयं के द्वारा अनुबंधित बताकर मुझसे 11नवम्बर 2020 को बिक्री करने



का सौदा कर किया था। जिसका इकरारनामा कराया गया था जो इकरारनामा के बाद प्रफुल्ल झा के द्वारा नया सरकंडा स्थित भारतीय स्टेट बैंक सरकंडा के पास एसबीआई के चेक क 179529 को चेक के माध्यम से 5 लाख रू को लेकर भुगतान प्राप्त कर लिया है तथा उक्त जमीन का 15 दिवस में रजिस्ट्री करा दूंगा बोला था जो टालमटोल करने लगा था, ना ही रजिस्ट्री करा रहा था और ना ही रकम वापस कर रहा था । कई बार संपर्क करने से संपर्क भी नही हो रहा था। आज से करीब 4-5 माह पहले प्रतिभा मिश्रा के दामाद अमित कुमार से संपर्क करने पर पता चला कि उक्त जमीन को प्रफुल्ल झा के द्वारा कोई अनुबंध नही कराया गया था। इस संबंध में प्रफुल्ल झा से पुछने पर कोई जवाब नहीं देता है तथा हमारा 5 लाख रू भी वापस नही कर रहा है ना ही रजिस्ट्री करा रहा है। प्रफुल्ल झा के द्वारा जमीन बिक्री के नाम से हमसे 5 लाख रू लेकर धोखाधड़ी किया गया है। मैं प्रफुल्ल झा के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही चाहती हूं।

एक नजर

# एक निजी कंपनी स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा सील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा तहसील बेरला जिला-बेमेतरा में आयुध एवं विस्फोटक नियम 2008 एवं अमोनियम नाईट्रेट नियम 2012 के प्रावधानों के तहत् राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं वस्तु एवं सेवाकर विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान लाईसेंस तथा सुरक्षा मानकों की शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा परिसर को सील किया गया। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संदीप ठाकुर अनुविभागीय अधिकारीराण, बेरला, आरके झा उपपुलिस अधीक्षक, एचएल हिडको संयुक्त कमिश्नर वस्तु एवं सेवाकर विभाग, मनोज गुप्ता तहसीलदार बेरला, पोरस वेंताल नायब तहसीलदार बेरला, नासीर खान थाना प्रभारी बेरला, रंजीत प्रताप सिंह चौकी प्रभारी कंडरका उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यवाही स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा के संचालक अवधेश जैन की उपस्थिति में की गई।




# काजू प्रसंस्करण यूनिट के सदस्य ग्रिट अवॉर्ड लेने के लिए सिंगापुर हुए रवाना

**जगदलपुर** । महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य, एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य सु पद्मनी बघेल तथा सु बेलाबाई कश्यप तथा डोंगानाला वनधन केन्द्र की सदस्य सु सरोज पटेल तथा सु फूलबाई नेती विदेश यात्रा पर सिंगापुर रवाना हुए। इन वनवासी प्रतिनिधियों के द्वारा 150 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के समक्ष यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

इस समारोह में पूरी दुनिया के व्यवसायी, बैंकर्स, इनवेस्टर्स, पर्यावरणविद तथा शासकीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति 'छत्तीसगढ़-हर्बल्स' की पुरी दुनिया में पहचान सुनिश्चित करेगी। इससे लघु वनोपज आधारित उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। 'छत्तीसगढ़ मॉडल' को पूरे विश्व में 'सतत् विकास' के मॉडल के रूप में पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के इस दल का नेतृत्व प्रबंध संचालक संजय शुक्ला, द्वारा किया जाएगा तथा अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू, एवं वनमंडलाधिकारी सु स्टायलो मण्डावी सहयोग हेतु दल में सम्मिलित होंगें। इस सात सदस्यीय दल का सिंगापुर एयरपोर्ट पर कार्पस्टेज सिंगापुर की डॉ. निशा कोहली द्वारा स्वागत किया जाएगा, जो इस आयोजन की प्रमुख हैं।

# 24 नए डेंगू पॉजिटिव मरीज के साथ 300 का आंकड़ा पार, 3 की मौत

**जगदलपुर** । बस्तर जिले में मंगलवार को 24 नए डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने के साथ ही जिले में डेंगू पॉजिटिव मरिजों का आकंडा 300 पार हो गया है। डेंगू के साथ ही मलेरिया के मरीज भी बड़ी संख्या में मिल रहे है। इस बीच आज एमपीएम में उपचार के दौरान एक डेंगू पीड़ित मरीज की मौत हो गई है। पखवाड़े भर के अंदर डेंगू से एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो चुकी हैं.। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेंगू से पीड़ित ग्राम तितिरगांव निवासी गुणाकेश जोशी का बुधवार को मौत हो गई। इसके साथ अब तक डेंगू से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण अंचल में भी डेंगू-मलेरिया के मिलने से स्वास्थ्य विभाग के लिए यह चुनौती है। डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर स्वास्थ्य अमला काफी गंभीरता से ले रहे है। डेंगू वायरल पीड़ित मरीजों की संख्या में अचानक हुई बढ़ोतरी के बाद मेकॉज हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हो गया है।

# खाद बीज की कमी और विद्युत कटौती की समस्या को लेकर भाजपा किसान मोर्चा करेगी आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर खादएबीज की आपूर्ति और अघोषित विधुत कटौती की समस्या को लेकर 22 जुलाई को छत्तीसगढ़ के समस्त सहकारी समिति में तालाबंदी एवं समस्त विद्युत सब स्टेशनों में धरना प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिला के समस्त विधानसभा के सभी मंडलों में आंदोलन किया जाएगा और समस्त सोसायटीयों में ताला जड़कर विद्युत सब स्टेशनों में धरना दिया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा मंत्री एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी कुलकीत चंद्रा, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा सदस्य एवं बिलासपुर संभाग सह प्रभारी टीकाराम पटेल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण नायक, उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, महामंत्री द्वय राधेश्याम राठिया,गौरांग साव ने समस्त किसान भाइयों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफ्ल बनायें।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# सभी जनपद सीईओ ने अपने अधीनस्थ क्षेत्र के गौठान सहित अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




**गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी एवं खाद निर्माण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सभी जनपदों में जनपद सीईओ द्वारा अपने क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इसी कड़ी में जशपुर जनपद के सक्रिय गौठान पोड़ी, पुत्रीचौरा गौठान का एसडीएम बालेश्वर राम, जनपद सीईओ प्रेम सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ ही गौठान समिति के सदस्यों की बैठक लेकर उन्हें नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं गौठान संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार अन्य जनपद सीईओ द्वारा भी अपने क्षेत्रों के गौठानों, अधूरे भवन निर्माणों सहित अन्य विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें दुलदुला के चांपाटोली, वासुदेवपुर, बिपतपुर, पतराटोली, भुसड़ीटोली, कांसाबेल के चेटबा, फ रसाबहार के कोरंगामाल, बगीचा के रमसमा, पत्थलगांव के राजाआमा, कुकरगांव सहित अन्य गौठान शामिल है। सभी जनपद सीईओ द्वारा गौठानों में गोबर खरीदी करने एवं खाद निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश गौठान समिति को दिए। साथ ही गौठान में खरीदी हुए गोबर एवं रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विकास के लिए किए गए कार्यों का पोर्टल पर ऑनलाईन एंट्री कराना सुनिश्चित करने की बात कही गई। सभी जनपद सीईओ ने गौठानों में आवश्यकतानुसार वर्मी टाका निर्माण करने, मुर्गी.बकरी शेड निर्माण के अधूरे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने एवं वृक्षारोपण करने के लिए कहा। गौठानों में नियमित रूप से मवेशियों को लाने एवं रोका-छेका अभियान को सफ्ल बनाने के निर्देश दिए।



# कोरोना ने छीना सुहाग तो मिला अनुकम्पा नियुक्ति का सहारा

## शासन के फैसले से रुखमणी को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राज्य सरकार द्वारा मानवीय सहानुभूति को ध्यान मे रखते हुए बीते वर्ष अनुकम्पा नियुक्ति मे 10 प्रतिशत के सीमा बन्धन को समाप्त कर दिये जाने से प्रदेश के दिवंगत शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों के स्वजनों को अनुकम्पा नियुक्ति का रास्ता खुल गया है। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी के पद पर बेमेतरा में कार्यरत लगभग 42 वर्षीय स्व.राजकुमार ओगरे का 25 अप्रैल 2021 को कोरोना महामारी की दूसरी लहर में असमय मौत हो गई। नियति को कौन टाल सकता है। ऐसे समय में उनके परिवार के



समक्ष भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई। परिवार मे पत्नी के अलावा दो पुत्र है। एक बेटा कक्षा 8वीं एवं दूसरा कक्षा 5वीं मे अध्ययनरत है। ग्राम डबराभाट जिला कबीरधाम में उनका संयुक्त परिवार है। जिला योजना अधिकारी ओगरे की पत्नी रुखमणी कक्ष आठवीं तक पढ़ी है।

संकट के इस मुश्किल घड़ी में पति के निधन के लगभग 6 माह के बाद उन्हे जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति मिली। रुखमणी ने 26 अक्टूबर 2021 को अनुकम्पा नियुक्ति के तहत नौकरी ज्वाइन की है। शैक्षणिक योग्यता कम होने के कारण उन्हें इस पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त हुई है। शासन के इस राहत भरे फैसले पर रुखमणी ने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया। रुखमणी ने कहा कि पति के न होने से परिवार का अधूरापन यद्यपि कभी खत्म नहीं होगाए लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अभिभावक की भूमिका निभाते हुए अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता के चलते ही यह सम्भव हो पाया और आज वह अपने परिवार के लिए कुछ करने लायक सक्षम हो पाई। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। रुखमणी का सपना है कि उनके बच्चे भी आगे पढ़ लिखकर अपने पिता की तरह एक जिम्मेदार शासकीय सेवक बनकर आम जनता की सेवा करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in